चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 330, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 30 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# असम में तीन दशक से पुराना उल्फा सशस्त्र संघर्ष खत्म

## उल्फा से केंद्र और असम सरकार ने त्रिपक्षीय शांति समझौता किया, यह समझौता राजधानी दिल्ली में हुई

**नई दिल्ली**

**पूर्वोत्तर** में शांति की दिशा में शुक्रवार को बड़ा फैसला लिया गया। असम के अलगाववादी गुट यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम यानी उल्फा से केंद्र और असम सरकार ने त्रिपक्षीय शांति समझौता किया। यह समझौता राजधानी दिल्ली में हुई एक बैठक में हुआ। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि यह एक बेहद सुखद पल है।

**आखिर क्या है उल्फा?**

उल्फा का गठन अप्रैल 1979 में हुआ था, उस वक्त के पूर्वी पाकिस्तान आज के बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों के खिलाफ आंदोलन के बाद इस गुट का जन्म हुआ था। ऊपरी असम के जिलों के 20 युवाओं के एक समूह ने 7 अप्रैल, 1979 को शिवसागर के ऐतिहासिक अहोम-युग के एम्फीथिएटर रंग घर में उल्फा की शुरूआत की थी। गठन के बाद से इस संगठन ने 'संप्रभु असम' की मांग शुरू कर दी। बाद में यह विध्वंसक गतिविधियों में शामिल हो गया। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने 1990 में इसे प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया।

**1992 में पहली बार बंटा गुट**

1992 में नेताओं और कैडरों के एक वर्ग द्वारा बातचीत की इच्छा व्यक्त करने के साथ यह संगठन बंट गया था। हालांकि, अरबिंद राजखोवा और परेश बरुआ दोनों तब 'संप्रभुता' वाली मांग पर दृढ़ थे। बातचीत की इच्छा रखने वालों ने सरकार के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और खुद को सल्फा के रूप में संगठित किया। इस गुट ने 1990 और 2000 के दशक की शुरूआत में राज्य में जबरदस्त प्रभाव डाला।

**2011 में दूसरी बार अलगाववादी गुट के दो टुकड़े हुए**

फरवरी 2011 में यह गुट दो भाग में बंट था। तब अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले गुट ने हिंसा छोड़ दी थी।



### वार्ताकारों के साथ शांति समझौते को अंतिम रूप दिया

**यह गुट** बिना शर्त सरकार के साथ बातचीत के लिए सहमत हो गया। वार्ता समर्थक गुट ने असम के मूल निवासियों की जमीन के अधिकार समेत उनकी पहचान और संसाधनों की सुरक्षा के लिए सुधारों की मांग की। यह गुट चीन-म्यांमार सीमा के पास एक जगह पर रहता है। वहीं, दूसरे उल्फा गुट का नेतृत्व करने वाले परेश बरुआ बातचीत के खिलाफ था। 2011 में जब गुट का बंटवारा हुआ तब भी यही वजह बनी थी। ताजा समझौता भी



राजखोवा गुट के साथ ही हुआ है।

**अभी क्या हुआ है?**

राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को हुई बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अरबिंद राजखोवा की अध्यक्षता वाले उल्फा के वार्ता समर्थक गुट के एक दर्जन से अधिक शीर्ष नेता शांति समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार, राजखोवा समूह के दो शीर्ष नेता अनूप चेतिया और शशधर चौधरी पिछले सप्ताह से दिल्ली में हैं और सरकार के वाताकारों के साथ शांति समझौते को अंतिम रूप दिया।

### 'समझौते का लक्ष्य पूर्वोत्तर में दशकों पुराने उग्रवाद को समाप्त करना'



**सरकार की** ओर से जो लोग उल्फा गुट से बात कर रहे थे उनमें इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन डेका और पूर्वोत्तर मामलों पर सरकार के सलाहकार एके मिश्रा शामिल हैं।

**समझौते के मायने क्या हैं?**

वार्ता के दौरान मौजूद रहे अधिकारियों ने कहा कि इस समझौते का लक्ष्य पूर्वोत्तर में दशकों पुराने उग्रवाद को समाप्त करना है। इस समझौते से असम के चार दशक लंबे उल्फा विद्रोह खत्म हो सकता है।

इससे पहले इस विद्रोह ने असम में लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। उल्फा शुरू में एक आंदोलन के रूप में शुरू हुआ, लेकिन जल्द ही इसने अपहरण, जबरन वसूली, हत्याओं और बम विस्फोटों के साथ सशस्त्र संघर्ष का रूप ले लिया। इस बीच कई विवादास्पद मुद्दे थे जिनका शांति बहाली के लिए समाधान आवश्यक था। अब तक परेश बरुआ के नेतृत्व वाला उल्फा (इंडेपेंडेंट) गुट के बातचीत के लिए तैयार नहीं होने के बावजूद, यह समझौता एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 1991 के बाद से संगठन के साथ बातचीत के कई प्रयासों के बावजूद, कोई समाधान नहीं निकला।

ऐसे में शुक्रवार का समझौता ऐतिहासिक है। उल्फा ने कई मौकों पर बातचीत की इच्छा व्यक्त की थी, लेकिन 'संप्रभुता' पर अपने रुख पर अड़ा रहा था।

## नमो भारत रेपिडएक्स ट्रेन का दूसरा पड़ाव : दुहाई से मेरठ दक्षिण के बीच ट्रायल रन शुरू

**गाजियाबाद**

एनसीआरटीसी ने शुक्रवार को 25 किमी लंबे अतिरिक्त खंड, दुहाई से मेरठ दक्षिण के बीच नमो भारत ट्रेनों का ट्रायल शुरू कर दिया है। यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि यह निकट भविष्य में लक्ष्य से पहले दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के पूरे 42 किमी के संचालन की दिशा में एक बड़ा कदम है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि ट्रायल रन शुरू करने के लिए, ओवरहेड उपकरण (ओएचई) को मुराद नगर रिसीविंग सब स्टेशन (आरएसएस) से चार्ज किया गया था। इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन, जो पहले मोदीनगर साउथ स्टेशन तक चार्ज होता था, अब मेरठ साउथ स्टेशन तक बढ़ा दिया गया है। मोदीनगर साउथ स्टेशन तक ट्रायल पहले से ही चल रहा था। उन्होंने बताया कि ट्रायल रन के दौरान, नमो भारत ट्रेनों की सभी उप प्रणालियों और उपकरणों की फिटनेस का आकलन करने के लिए परीक्षण किया जा रहा है। इस चरण में ट्रेन को धीरे-धीरे पूरी लंबाई में अलग-अलग गति से चलाया जाएगा। प्रारंभ में, ट्रेन नियंत्रण प्रबंधन प्रणाली के तहत मैन्युअल संचालन किया जाता है। जैसे-जैसे प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, ट्रेन के एकीकृत प्रदर्शन का मूल्यांकन करने और सिग्नलिंग, प्लेटफार्म स्क्रीन दरवाजे (पीएसडी), ओवरहेड आपूर्ति प्रणाली इत्यादि जैसे विभिन्न उपप्रणालियों के साथ इसके समन्वय को सत्यापित करने के लिए ट्रायल किए जाएंगे।

## 'ग्रामीण अंचल में डायबिटीज का फैलाव चिंताजनक'

**वाराणसी**

केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी,प्रधानमंत्री कार्यालय डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को यहां पुराना रामनगर गांव में ग्रामीण मधुमेह रोकथाम एवं नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मधुमेह बीमारी की पहचान अधिकतर अमीर और संभ्रांत लोगों और शहरों तक ही सीमित थी, जिसका मुख्य कारण उनकी जीवनशैली थी।

## नीतीश कुमार संभालेंगे जदयू की कमान, ललन सिंह ने अध्यक्ष पद छोड़ा

**नई दिल्ली**

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष पद को लेकर एक सप्ताह से जारी तमाम अटकलों पर शुक्रवार को विराम लग गया। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ललन सिंह ने अध्यक्ष पद छोड़ दिया और पार्टी की कमान नीतीश कुमार ने संभाल ली। शुक्रवार की सुबह बैठक में शामिल होने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और ललन सिंह एक साथ एक ही गाड़ी से पहुंचे। उसके बाद बैठक में ललन सिंह ने नीतीश कुमार को अपना इस्तीफा दिया। ललन सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि चुनाव में अपनी सक्रियता को



देखते हुए मैं अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं और नीतीश कुमार का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित करता हूं। जदयू पार्टी अध्यक्ष पद से ललन सिंह के इस्तीफे के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पार्टी अध्यक्ष बनना तय है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन इसमें अब संशय नहीं रह गया है। ललन सिंह अपना इस्तीफा देने के बाद नीतीश कुमार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने या नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए अधिकृत करने का प्रस्ताव दिया है।

## पीएम के आगमन से पहले सीएम ने लिया विकास कार्यों का जायजा

**अयोध्या**

**पीएम मोदी** के आमगन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों का जायजा लिया। यहां उन्होंने हनुमानगढ़ी व रामलला के दर्शन-पूजन किए। संकट मोचन हनुमान व रामलला के दर्शन कर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके पहले रामकथा हेलीपैड पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। इस माह में मुख्यमंत्री का तीसरी बार अयोध्या आगमन हुआ है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 2 दिसम्बर और 21 दिसंबर को अयोध्या आगमन पर



मंदिरों में शीश झुकाया था।

**लता मंगेशकर चौक पर ली सेल्फी, बच्चों से पूछा हाल**

लता मंगेशकर चौक पहुंचकर सीएम ने यहां की खुबसूरती को निहारा। लता मंगेशकर चौक को काफी शानदार ढंग से सजाया गया है। सीएम ने यहां वीणा संग सेल्फी भी ली। सीएम ने आमजन का अभिवादन किया। इसके बाद रामपथ को देखा। प्रधानमंत्री के आमगन से पहले सीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। रामपथ पर मौजूद महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों से भी सीएम ने हालचाल जाना। सीएम ने बच्चों से पूछा कि स्कूल जाते हो। यहां जयश्रीराम की गूंज गुंजायमान रही।

**अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का लिया जायजा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का भी जायजा लिया। सीएम ने पीएम के आगमन के पहले यहां पहुंचकर वास्तुस्थिति देखी। यहां रेलवे स्टेशन व प्लेटफॉर्म की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे सीएम ने अफसरों को निर्देश दिया कि कहीं किसी प्रकार की कमी न हो।

## 26/11 अटैक के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली**

भारत ने पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग की है। दरअसल, हाफिज सईद 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों सहित विभिन्न आतंकवादी हमलों के लिए वांटेड है।

**पाकिस्तान सरकार को भेजे दस्तावेज**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि आतंकवादी के प्रत्यर्पण की मांग करने वाले कुछ दस्तावेजों के साथ अनुरोध हाल ही में इस्लामाबाद भेजा गया है। बागची ने अपने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि हाल ही में प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध भेजा गया था। मालूम हो कि सईद संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी है।

**संयुक्त राष्ट्र ने हाफिज पर लगाया बैन**

हाफिज सईद को सौंपने के लिए पाकिस्तान के प्रत्यर्पण अनुरोध पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, "संबंधित व्यक्ति भारत में कई मामलों में वांटेड है। वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी भी है। इस संबंध में, हमने प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों



के साथ पाकिस्तान सरकार को एक विशेष मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए उसे भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया है। हम उन मामलों पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं, जिन मामलों के लिए उसे वांटेड किया गया है। यह एक हालिया अनुरोध है।"

**कई गतिविधियों से देश की सुरक्षा पर पड़ता है प्रभाव**

प्रवक्ता ने हाफिज सईद के करीबियों के चुनाव लड़ने पर कहा, "हमने कुछ रिपोर्ट देखी है। हालांकि, हम किसी देश के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं। इस तरह के संगठनों का राजनीति में आना नई बात नहीं है और ये उनकी राजनीति का हिस्सा बन चुका है। इस तरह के डेवलपमेंट से हमारी सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है। हम इस तरह के डेवलपमेंट को मॉनिटर करना जारी रखेंगे।

## पीओके में पाकिस्तानी सेना का 'शारदा पीठ' पर कब्जा, समिति और स्थानीय लोग आक्रोशित

**जम्मू-कश्मीर**

**पाकिस्तानी सेना** के पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में शारदा मंदिर परिसर पर कब्जा किए जाने को लेकर शारदा बचाओ समिति ने रोष जताया और शुक्रवार को पाकिस्तान सेना के अधिक्रमण को हटाने के लिए भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मदद की गुहार लगाई, ताकि मंदिर के जीर्णोद्धार का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। एसएससी के संस्थापक रविंदर पंडिता ने बेंगलुरु के प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि पाकिस्तानी सेना ने शारदा मंदिर परिसर पर कब्जा किया था और समिति के पक्ष में कोर्ट के आदेश के बावजूद वहां पर 'कॉफी होम' बनाया है। उन्होंने कहा, शारदा बचाओ समिति भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पाकिस्तानी सेना द्वारा हाल ही में शारदा पीठ परिसर में बनाए गए कॉफी होम को हटाने और कब्जा करने का मुद्दा उठाने का अनुरोध किया। यह तीन जनवरी, 2023 को पीओके के सुप्रीम कोर्ट को ऐतिहासिक आदेश के बावजूद है, जिसमें शारदा बचाओ समिति के पक्ष में फैसला सुनाया गया था। उन्होंने कहा कि पीओके में नागरिक समाज ने भी इस मुद्दे और बाउंड्री वॉल को हुए नुकसान के बारे में एसएससी के साथ मिलकर अपनी आवाज बुलंद की।

## 'अयोध्या हवाईअड्डे का उद्घाटन भारत के लिए ऐतिहासिक दिन होगा'

**नई दिल्ली**

**नागरिक** उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि कल अयोध्या हवाई अड्डे के उद्घाटन के साथ देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा, जिसे दूसरे चरण में समग्र क्षेत्र में वृद्धि और रनवे की लंबाई बढ़ाकर बड़े पैमाने पर विस्तारित किया जाएगा।

अयोध्या हवाईअड्डे को 6,500 वर्ग मीटर के क्षेत्र में बनाया गया है, जिसका उद्घाटन शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में सिंधिया ने कहा कि आने वाले दिनों में अयोध्या हवाई अड्डे से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

# राम का लेकर नाम, जनता को समर्पित होगा नव्य 'अयोध्या धाम'

### पीएम मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या धाम स्टेशन का करेंगे लोकार्पण, फेज-1 के तहत स्टेशन प्रारंभिक चरण की विकास प्रक्रिया के बाद अब होगा जनता को समर्पित

**अयोध्या**

उत्तर प्रदेश समेत देश-दुनिया की आध्यात्मिक आस्था का केंद्र अयोध्या के नवनिर्माण का कार्य पीएम नरेंद्र मोदी की मार्गदर्शन और सीएम योगी के कुशल नेतृत्व में किया जा रहा है। इस क्रम में, एक बड़ा मील का पत्थर शनिवार को उस वक्त रखा



जाएगा जब पीएम मोदी अयोध्या में 16 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं देश को समर्पित करेंगे। इनमें अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन (फेज-1 की विकास प्रक्रिया के बाद) का लोकार्पण मुख्य हैं। खास बात ये है कि पीएम मोदी शनिवार को यहां से 2 अमृत भारत व 6 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके साथ ही जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी सेक्शन के दोहरीकरण की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अयोध्या से दरभंगा के बीच एक अमृत व अयोध्या से आनंद विहार टर्मिनल के बीच एक वंदे भारत ट्रेन का संचालन अयोध्या से किया जाएगा। यह ट्रेनें देश के विभिन्न कोनों को जोड़ेंगी और अयोध्या धाम आने वाले पर्यटकों, तीर्थयात्रियों व श्रद्धालुओं को प्रीमियम ट्रैवलिंग एक्सपीरिएंस उपलब्ध कराएंगी। इसी प्रकार, 'स्टेट ऑफ द आर्ट' फैसिलिटीज से लैस अत्याधुनिक अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। यूं तो, इस स्टेशन का तीन फेज में विस्तृत विकास होना है, मगर पहले फेज के विकास कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है।

**वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस है स्टेशन**

241 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किए गए अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन में यूं तो तमाम खूबियां हैं मगर यहां कुछ सुविधाएं ऐसी हैं जो आमतौर पर एयरपोर्ट्स पर भी देखने को नहीं मिलतीं। इस फेहरिस्त में इनफेंट केयर रूम, सिक रूम, पैसेंजर फैसिलिटीज डेस्क, टूरिस्ट इनफॉर्मेशन सेंटर मुख्य हैं जो स्टेशन के ग्राउंड फ्लोर पर अवस्थित हैं तथा पूरा कॉम्प्लेक्स जी प्लस टू मॉडल (ग्राउंड प्लस मिडिल व फर्स्ट फ्लोर) पर बना है। इसके अतिरिक्त, कलाक रूम, फूड प्लाजा, वेटिंग हॉल्स, स्टेयरकेस, एस्केलेटर्स, लिफ्ट व टॉयलेट्स जैसी सुविधाएं हैं। सभी फ्लोर्स फायर एग्जिट से भी कनेक्टेड हैं जिससे किसी अप्रिय स्थिति में लोगों की सुरक्षित निकासी का मार्ग प्रशस्त होगा।

# जसरा बाईपास का उचित मुआवजा न दिए जाने के कारण आंदोलन रत किसानों ने अपने खेत पर जेसीबी और पुकलैंड चलने से रोका

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** जसरा बाईपास का उचित मुआवजा न दिए जाने के कारण आंदोलनरत किसानों ने अपने खेत पर जेसीबी और पुकलैंड चलने से रोका। जिसके चलते कई घंटे तक नायब तहसीलदार बारा एवं नेशनल हाईवे के अधिकारियों से हुई लेकिन वार्ता का परिणाम शून्य रहा। आज नायब तहसीलदार बारा एवं नेशनल हाईवे के अधिकारी पचखरा गांव में बनने वाले जसरा पास के भूमि समतली कारण के लिए पहुंच गये। उन्होंने अपने काम की शुरूआत सबसे पहले उन किसानों के खेतों पर किया जिन्होंने अभी तक मुआवजा ही नहीं लिया था। जिसके चलते पचखरा के किसान भड़क गए और उन्होंने काम रोकने के लिए जेसीबी के सामने खड़े हो गए। यह खबर जब पचखरा गांव में पहुंची तो सैकड़ों किसान एकत्र हो करके सरकारी कार्यवाही का विरोध करने लगे। किसानों ने बताया कि उचित मुआवजा न दिए जाने की जानकारी सांसद ,कमिश्नर और जिलाधिकारी प्रयागराज को है। इसके लिए किसानों ने आमरण अनशन भी किया था। जिसे सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी ने समाप्त करवाते हुए आश्वासन दिया था कि किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए कमिश्नर और जिलाधिकारी से कई चक्र में वार्ता भी हो चुकी है किंतु वार्ता का कोई परिणाम न निकलने से किसानों ने निश्चय किया था कि जब तक उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया जाएगा वह अपने खेतों पर काम नहीं करने देंगे। इसी के तहत आज खेत पर पहुंचे नायब तहसीलदार बारा और नेशनल हाईवे के अधिकारियों को किसानों का भारी विरोध का सामना करना पड़ा। देर शाम तक चली वार्ता का कोई परिणाम नहीं निकलने के कारण मुआवजा लेने वाले एक किसान के खेत पर औपचारिक काम की शुरूआत करके नायब तहसीलदार बारा और अधिकारी गांव से वापस चले गए। इस मौके पर मुख्य रूप से के के मिश्रा, हरिश्चंद्र सिंह, शीलू शुक्ला, बनारसी त्रिपाठी, दूधनाथ यादव, महेंद्र कुशवाहा, रामबाबू, सुंदरलाल कुशवाहा आदि किसान मौजूद रहे।





## शिक्षक संघ ब्लाक इकाई का त्रिवर्षीय अधिवेशन शैक्षिक संगोष्ठी आयोजित



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के ब्लॉक इकाई मेजा में त्रिवर्षीय अधिवेशन शैक्षिक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमे विवेकानंद पाण्डेय अध्यक्ष एवम कमलाशंकर यादव मंत्री राजकुमार कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए उपाध्यक्ष केशव प्रसाद तिवारी प्रदीप सिंह, श्रीमती अनीता कुमारी, सयुक्त मंत्री नवीअहमद ,रेखा श्रीवास्तव,सुधीर सिंह आय व्यय निरीक्षक यशवंत सिंह लेखाकार अनिल पांडेय मीडिया प्रभारी शैलेंद्र कुमार यादव सभी पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया एवम शपथ ग्रहण कराया गया कार्यक्रम जिला अध्यक्ष राजेश सिंह ,मंडल मंत्री बृजेंद्र सिंह एवम अन्य के उपस्थित तथा रविशंकर द्विवेदी एवम रामसागर मिश्रा के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।

# राजकीय महिला पालीटेक्निक कालेज मेजा खास में दो दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित

## खेल प्रतियोगिता के आयोजन से बालिकाएं बनेंगी आत्मनिर्भर : एसीपी

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** राजकीय महिला पालीटेक्निक मेजा खास में शुक्रवार को दो दिवसीय संस्था स्तरीय वार्षिक खेलकूद वाद विवाद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि ए सीपी मेजा विमल किशोर मिश्र ने फीता काटकर किया।

उल्लेखनीय है कि पालीटेक्निक कालेज में 100 मीटर से लेकर 800 सौ मीटर दौड़ के साथ साथ ऊंची कूद गोला फेक तवा भाला फेंक बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस की प्रतियोगिता हुई जिसमें 800 मीटर दौड़ में संस्था की एकता त्रिपाठी प्रथम व अर्पिता यादव द्वितीय रही। जेवलिंग थ्रो में संस्था की महिमा यादव महिमा पटेल व सुहानी क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रही। गोला फेंक में रोली अर्पिता यादव एवं बंदना ने बाजी मारी। सभी विजई प्रतिभागियों को एसीपी मेजा ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त कालेज में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य शैलेन्द्र विक्रम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए एसीपी विमल किशोर मिश्र ने कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से हमारी बालिकाओं का न सिर्फ मानसिक विकास होता है बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने आगे कहा खेल प्रतियोगिता के चलते आज हर क्षेत्र में महिलाएं आगे हैं। इसी क्रम में कालेज के प्राचार्य शैलेन्द्र ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस मौके संस्था की कविता कमल सुनीता कुमारी शाह धनंजय कुमार सिंह त्रिलोक कुमार पाठक मोनिका मौर्या श्रद्धा श्रीवास्तव माया दिवाकर पीयूष कुमार मिश्रा मनोज कुमार रंजीत श्रीवास्तव अभिजीत सिंह गौरव उत्तम लेखाकार संतोष मंडल वरिष्ठ सहायक निरंजना जायसवाल एवं बबिता देवी गुप्ता के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।





## ठंड व कोहरे को देखते हुए बारा विधायक ने बारा क्षेत्र में जलवाया अलाव

**लालापुर /बारा।** बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने शुक्रवार को विधानसभा बारा क्षेत्र के गौहनिया,जसरा, बारा, सेहुंडा, शिवराजपुर, शंकरगढ, सहित दर्जनों स्थानों पर लकड़ी भेजकर अलाव की व्यवस्था करवाई। बता दें कि मौजूदा समय मे पड़ रही ठंड व कोहरे के कारण लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, जिसे देखते हुए बारा विधायक डॉ. वाचस्पति द्वारा क्षेत्र में लकड़ी भेजकर अलाव की व्यवस्था करवाई गई ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके। विधायक बारा डॉ. वाचस्पति ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान शीतलहर व घने कोहरे को देखते हुए क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था करवाई गई है. ताकि लोगों को ठंड में राहत मिले।क्षेत्र में अलाव के लिए लकड़ी पहुंचते ही लोगों ने विधायक बारा का आभार जताया।जिसमे प्रमुख रूप से जगत नारायण शुक्ल, नीरज केसरवानी, विजय कुमार निषाद (श्यामू), फूलचंद्र पटेल सहित अन्य कई रहे।

## न्यूज झरोखा

### कड़ाके की ठंड व कोहरे को देखते हुए ग्राम प्रधान ने लालापुर चौराहे पर जलवाया अलाव



**लालापुर।** शीतलहर व कोहरे को देखते हुए शुक्रवार को ग्राम प्रधान भटपुरा-लालापुर शंकर लाल पाण्डेय ने लालापुर चौराहे पर अलाव जलवाया। प्रधान शंकर लाल पाण्डेय ने कहा कि मौजूदा समय में पड़ रही ठंड व कोहरे के कारण लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। लालापुर चौराहे पर अलाव जलने से राहगीरों को ठंड से राहत मिलेगी।बता दें कि लगातार शीतलहर व कोहरे का प्रकोप जारी है, जिससे लोगों को घरो में भी आराम नहीं मिल रहा है। कड़ाके की ठंड व कोहरे के कारण लोग घरों में दुबके नजर आ रहे हैं।सबसे ज्यादा दिक्कत राहगीरों को हो रही है लालापुर चौराहे पर अलाव जलने से आवागमन करने वाले लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। मौजूदा समय मे घने कोहरे के कारण दिन में भी लोगों को मोटरसाइकिल व गाड़ियों की लाइट जलाकर आवागमन करना पड़ता है। शुक्रवार को ग्राम प्रधान भटपुरा-लालापुर शंकरलाल पाण्डेय ने लकड़ी मंगवाकर लालापुर चौराहे पर अलाव जलाने की व्यवस्था करवाई।इस दौरान गुड्डू शुक्ला, पप्पू,भोले उपाध्याय , सतीश शुक्ला,मनोज,दीपचंद्र शुक्ला, अवधेश पाण्डेय सहित अन्य कई रहे।

### कार्यकर्ता जमीनी स्तर नए मतदाताओं को जोड़ने का काम करें : प्रभा शंकर पांडे



**सहसों।** बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यालय सहसों में भाजपा नेता राजधर द्विवेदी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडे ने कहा कि आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जमीनी स्तर पर हर बूथ पर कार्यकताओं को सशक्त करते हुए गांव के प्रत्येक मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें भाजपा की नीतियों एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराते हुए पार्टी में जोड़ते हुए सत प्रतिशत मतदाता बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा जमीनी स्तर से नित नए मतदाताओं को जोड़ने का भी काम करें। इस अवसर पर सहसों मंडल के प्रभारी कुंवर मृगेंद्र सिंह ने कहा कि बूथ हमारा मजबूत होगा तो हम आगामी लोकसभा चुनाव में अपना परचम फिर से लहराएंगे। इस अवसर पर भूपेंद्र मिश्र, श्रीकांत त्रिपाठी, पवन शुक्ला ,संजय सिंह, विमल मिश्रा,नरेंद्र कुशवाहा, शिवशंकर दूबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम बभनपट्टी में आयोजित



**पसना।** भारत को विकास शील देश से विकसित देश बनाने हेतु केंद्र सरकार के दिशा निदेर्शों के तहत विकास खंड कोरांव के ग्राम बभनपट्टी में खंड विकास अधिकारी कोरांव के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में एडीओ पंचायत,एडीओ कृषि, ग्राम प्रधान शीतला प्रसाद, बीडीसी विवेक कुमार मिश्र,भोले दुबे,धीरज मिश्र,नयनेश दुबे,संतोष पाल,एवम् काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### संदीप गुप्ता बने रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य



**जंघई।** सहायक वाणिज्य प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा जंघई निवासी भाजपा मंडल अध्यक्ष जंघई संदीप गुप्ता तोगड़िया को लोहगरा रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। स्टेशन अधीक्षक लोहगरा एवं खंड वाणिज्य निरीक्षक प्रयागराज छिवकी जंक्शन को निर्देशित किया गया है कि संदीप गुप्ता को नामित पत्र सौंपे तथा स्टेशन पर आवश्यक कार्यवाही करें।संदीप गुप्ता को रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति का सदस्य बनाए जाने पर मनोज दुबे, कुशलेष दुबे, अनूप गुप्ता, अखिलेश पांडेय, राजू विश्वकर्मा, राजबली गौतम, रामकुमार भारतीय, मनोज श्रीवास्तव, मनोज मौर्या, शुभम शुक्ला, इकबाल अहमद, गिरिजा बिंद, घनश्याम यादव, एजाज अहमद, विशाल गुप्ता, संजय जायसवाल, मनीष जायसवाल, नीरज जायसवाल आदि लोगों ने बधाई दिया है।

### सीख रहे राष्ट्र निर्माण व संस्कार की विधा

**सहसों।** छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्राथमिक प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के साथ अनुशासित संस्कार की सीख ले रहे हैं। सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला विभाग कार्यवाह संजीव सिंह की देखरेख में चल रहा है। जिसमें शारीरिक, बौद्धिक, प्रार्थना एवं गीत के अभ्यास के साथ सुबह शाम प्रार्थना सभा के अभ्यास के साथ संस्कार युक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के साथ अनुशासित होकर देश सेवा के लिए पारंगत होंगे। प्रशिक्षण शिविर में सभी के लिए स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखते हुए प्रतिदिन डॉक्टर अमित यादव द्वारा प्रशिक्षार्थियों के स्वास्थ्य की जांच एवं सलाह के साथ निःशुल्क दवाइयां दी जा रही है। प्रशिक्षण की देखरेख एवं व्यवस्था प्रबंधक अनिरुद्ध सिंह पटेल द्वारा की जा रही है। इस मौके पर प्रशिक्षण वर्ग के संचालन में श्री बेचन जी, इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, शैलेंद्र सिंह, राजेश कुमार एवं राहुल मौर्य आदि लग रहे।



## मऊआइमा में शीतलहरी ,कोहरे में अलाव की कोई व्यवस्था नहीं ग्रामीणों का बुरा हाल

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खंड क्षेत्र में कहीं भी इस हांड कंपा देने वाली शीतलहरी में अलाव और कंबल की व्यवस्था नहीं है।इस ठंड से सभी का बुरा हाल है।ग्रधानों द्वारा अलाव की व्यवस्था न करने से हर कोई परेशान है। मऊआइमा क्षेत्र में इस हांड कंपा देने वाली ठंड शीतलहर,कोहरे में अलाव की व्यवस्था न होने से हर कोई परेशान है। ग्रामीण पुआल,कूडा करकट इकठ्ठा कर अलाव जला कर शरीर को गर्म कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानों को अलाव के लिए शासन से धन मिलता है। आरोप है कि प्रधानों द्वारा करीब हजार रूपया का थोडा मोडा लकडी जला कर फोटो खिंचवा कर हजारों की लकडी जला लिख कर हजम कर जाते हैं। आरोप है कि ग्राम सभा घीनपुर, मऊआइमा , सुल्तानपुर खास, अलीपुर, नौगिरा, विशम्भरपुर ,धरौता, बांकाजलालपुर,आदि सहित ऐसा कोई गांव नहीं है जहां अलाव की कोई व्यवस्था नहीं होती है।मात्र देखाने के लिए थोड़ी लकडी जला कर हजारों रूपया का बंदरबांट कर लिया जाता है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से वृद्ध की मौत

### मृतक के पास पड़ा हुआ मिला अवैध तमंचा

**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से एक वृद्ध की घर के भीतर मौत हो गई,मृतक के शव के पास अवैध तमंचा पड़ा हुआ मिला है,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के शमसाबाद गांव के अवध लाल पांडे उम्र लगभग 65 वर्ष का घर के अंदर शव पड़ा हुआ मिलने से सनसनी मच गई,घटना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो वृद्ध का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था घटना की जानकारी परिजनो ने पुलिस को दी,सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच की और मृतक के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सीओ मंझनपुर अभिषेक कुमार ने बताया कि शमशाबाद में एक वृद्ध ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है,मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और जांच की जा रही है।

# प्रा. विद्यालय गडुरा को मिला पीएम श्री विद्यालय का सम्मान मनाया गया वार्षिक उत्सव

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गडुरा प्राथमिक विद्यालय को पीएम श्री सम्मान मिलने पर अध्यापकों में खुशी का माहौल और मनाया वार्षिक उत्सव इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य विधानसभा परिषद उत्तर प्रदेश डॉक्टर बीपी श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश नाथ तिवारी वही इस कार्यक्रम के आयोजन के द्वारा मुख्य अतिथि अंगरावस्ती की और माल्या प्रकरण उनका स्वागत किया इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम से दर्शकों का मोह लिया वहीं अभिभावकों ने इस कार्यक्रम में बाढ़-चाम के हिस्सा लिया वहीं इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के अध्यापकों का सहयोग और उसे गांव के वर्तमान प्रधान ने बंदोबस्त किया वही सदस्य विधानसभा परिषद उत्तर प्रदेश डॉक्टर के पी श्रीवास्तव के द्वारा अध्यापकों को संघ वस्त्र देकर सम्मानित किया गया वही बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया इस अवसर पर सैकड़ो लोग मौजूद रहे वही विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राम बल्लभ मिश्रा सहायक अध्यापक पूनम साहू अंजनी कुमार यादव अखिलेश कुमार यादव कौशलेश मिश्रा प्रियंका सिंह सोनाली सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।




# नर्सिंग होम बने हैं इंसानों के बूचड़खाना, बिना डिग्री के करते हैं आपरेशन,जाती है जानें

## मऊआइमा क्षेत्र में दो वर्षों में निजि अस्पतालों के कथित संचालकों ने ले चुके हैं अनगिनत लोगो की जान

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के प्रयागराज और प्रतापगढ़ हाईवे पर अनगिनत कुकुरमुत्तों की तरह निजि अस्पताल उग आए हैं।बिना डिग्री के कथित सर्जन बन कर आपरेशन करना आम बात हो गई है ।मर पर गुप चुप सौदा कर मामले को ठंडा कर देना आम बात है। हंगामा होने पर पुलिस पहुंच जाती है तब कहीं जाकर मुकदमा दर्ज होता है। मऊआइमा थाना क्षेत्र में अनगिनत बिना लाइसेंस के नर्सिंग होम खुलते जा रहे हैं। जहां झोला छाप डॉक्टर अपने को कथित डाक्टर बता कर मानव जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बताया गया है कि दो वर्ष पूर्व ब्लाक हाईवे पर एक कथित नकली डाक्टर ने प्रसव पीडा का आपरेशन तो किसी परन्तु महिला के पेट का दर्द ठीक नहीं हुआ। बताया गया है कि असाहनीय पीड़िता पर अल्ट्रासाउंड कराया गया तो पेट कैंची मिली।बाद में प्रसूता की मौत पर हंगामा मचने के भय से निजि अस्पताल के संचालक ने लाखों रूपया देकर चुप करा दिया।इसी प्रकार थाना परिसर के बगल ग्राम बटहा की एक प्रसूता की आपरेशन के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत पर रात भर हंगामा होने पर पुलिस ने समझौता करा दी। बताया गया है कि पीड़िता के परिजनों को एक लाख दिया गया था।इसी प्रकार बताया गया है कि हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के निकट निजि अस्पताल में आए दिन इंसानों कि जानें जाती हैं। हंगामा मचने पर मुंह मांगी रकमें देकर जुबान बंद करा दी जाती है। बताया गया कि कि हरिसेनगंज में छह माह पूर्व एक प्रसूता की मौत पर जमकर हंगामा हुआ था।बाद में मोटी रकमें मृतका के परिजनों को देकर खामोश कर दिया गया। बताया गया है कि कस्बे में एक निजी अस्पताल में भर्ती मरीज की मौत पर थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद। शनिवार को मऊआइमा के कल्याणपुर के दमोदर का पुरवा में स्थित श्री साईं मेडी केयर सेंटर एंड हास्पिटल में प्रसूता जया देवी 32 वर्ष पत्नी धर्मेन्द्र कुमार की मौत पर निजी अस्पताल पर जमकर हंगामा होने के बाद संचालक राम कुमार यादव और अस्पताल के स्टाप एंव नर्सें नाम अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश जारी है तथा अस्पताल के रजिस्ट्रेशन एंव डाक्टर की डिग्री भी मांगा गया है।

# अपने दायित्व और भूमिका के प्रति सजग रहें कलमकार : बेशरम

**करछना।** वर्तमान दौर में सर्जना की विविधा से जुड़कर कविता,साहित्य पटल पर हम कवियों,लेखकों और साहित्यकारों को और भी सजग रहने की जरूरत है। लेखन के रचना शिल्प और विमर्शों को लेकर कुछ नया गढ़ने और अलग दिखने,दिखाने के फेर में हमें ताव,बदलाव,अलगाव,भटकाव और दुर्भाव से दूर सोच,चिन्तन,विचार के स्तर पर भाव के भूगोल का विस्तार करना जरूरी है। साथ ही इस बदलते परिवेश में सस्ते लोकप्रियता की ओछी मानसिकता से उबर कर अपने कृतित्व के प्रति उत्तरदाई और जिम्मेदार होने की जरूरत है,जिससे हमारे प्रति समाज की मान्यता,सोच,गरिमा एवं दृष्टिकोण को भी ठेस न पहुंचे। यह बातें कंप्यूटर इंस्टिट्यूट एसीआईटी साधुकुटी में कविता कहानी समग्र विषय पर बच्चों को टिप्स देते हुएआकाशवाणी दूरदर्शन से जुड़े कार्यक्रम संचालक और अपनी माटी के गीतों पर शोध कर रहे चर्चित हास्य कवि अशोक सिंह बेशरम ने कही। उन्होंने कहा कि आज के दौर में खड़ी बोली की रचनाओं के साथ-साथ स्थानीय बोली-बानी की मिठास सहेजने वाले लोक साहित्य के कैनवास का भी विस्तार होना आवश्यक है। जिससे नई पीढ़ी अपने अतीत, लोकपरंपरा, लोकसंस्कृति,संस्कारों सामाजिक सरोकारों से अछूती न रह सके। अपनी अवधी,ब्रज,बघेली,बुंदेली भोजपुरी जैसी स्थानीय लोकभाषाओं में भी कविता,कहानी लेखन के द्वारा वर्तमान परिदृश्य को जीवन्त रखने हेतु विशेष रूप से युवा रचनाकारों में नई सोच होनी चाहिए।हास्य कवि ने कहा कि कविता की वाचिक परंपरा को लेकर खासतौर से आज मंचों पर चंद जुमले बाज़ियों और तुकबंदियों को बटोर,बुहार कर शब्दायित करने की होड़ सी लगी है। यह चलन कुछ देर तक के लिए भले ही मनोरंजन और तालियों का पर्याय होकर हमारे मन को भले ही बोध दे रहा हो किंतु सत्य तो यह है कि सिर्फ कुछ कहने लायक बनने से दूर एक सच्चे और अच्छे कवि,साहित्यकार कहलाने के लायक नहीं। यहां जरूरी यह भी है कि हम अपने अग्रज श्रेष्ठ साहित्यकारों को पढ़ें,जानें,सुनें,समझे और फिर मन के कवि, साहित्यकार, लेखक को जागृत करते हुए उस परम्परा की कड़ी में समय के सापेक्ष,कुछ सहज,सरल और सर्वमान्य गढ़ें भी। इस दौरान वरिष्ठ लोक कलाकार राम अवध यादव ने भी बच्चों को अच्छे लेखन के प्रति प्रेरित करते हुए आज के दौर में ओछेपन के पर्याय गीतों के चलन पर चिंता व्यक्त की।

# मंडलायुक्त ने राजकीय धान क्रय केंद्र करछना का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने शुक्रवार को राजकीय धान क्रय केंद्र, करछना का औचक निरीक्षण किया जिसके दौरान क्रय केंद्र पर की जा रही धान खरीद के संबंध में वहां के प्रभारी राकेश सिंह से सभी आवश्यक जानकारी ली। केंद्र पर क्रय किए गए धान की रखी बोरियों की रेंडम रूप से तौल करायी गई, जो कि मानक के अनुरूप मिली। केंद्र पर बोरियों को खुले में रखा हुआ देख मंडलायुक्त ने खासी नाराजगी व्यक्त की तथा सभी बोरियों की गिनती करते हुए उन्हें सुव्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए ।केंद्र पर धान विक्रय हेतु आ रहे किसानों की जानकारी लेते हुए वहां पर किसानों की आवक न होने पर उन्होंने आश्चर्य जताया। साथ ही संबंधित रजिस्टर की भी जांच करते हुए प्रभारी अधिकारी से क्रय करने के पश्चात धन को किन मिलों में भेजा जाता है उसके बारे में पूंछा। केंद्र प्रभारी द्वारा दी गई जानकारी को क्रॉस चेक करने के दृष्टिगत उन्होंने संबंधित मिल का औचक निरीक्षण किया तथा क्रय केंद्र से निकले ट्रकों की जियो टैगिंग लोकेशन की पुष्टि हेतु आरएफसी ऑफिस परिसर का भी निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने सभी बिंदुओं की विस्तृत जांच कर एक आख्या एसडीएम सदर को उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## ट्रेन से गिरी बुजुर्ग महिला, दोनों पैर कटे

**नैनी।** नैनी स्टेशन के पास एक बजुर्ग महिला अचानक ट्रेन से गिर गयी जिससे उसके पैर कट गये। मौके पर पहुंची आरपीएफ ने डायल 108 को फोन पर एम्बूलेंस की मदद से एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला की हालत गंभीर बतायी जा रही है। नैनी स्टेशन पर गुरूवार को एक लगभग 65 वर्षीय महिला ट्रेन से अचानक गिर गयी। हादसे में महिला के पैर कट गये। जानकारी होने पर पहुंची आरपीएफ ने तत्काल डायल 108 को काल किया। मौके पर पहुंचे ईएमटी अशोक कुमार एवं एंबुलेंस पायलट अजय महिला को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। महिला ने अपना नाम इसरावती देवी निवासी नाला सुपारा मुम्बई बताया और उसने यह बताया कि वह मुम्बई से प्रयागराज के लिए आयी थी। इसके बाद उसको होश नहीं आया। पुलिस परिजनों को सूचित करने का प्रयास कर रही है।



## नगर निगम के जेई पर लगाया भ्रस्टाचार का आरोप, किया प्रदर्शन

**नैनी।** नैनी स्थित नगर निगम, जोन पांच कार्यालय में शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने जेई पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। विरोध करने वालों का आरोप था कि विभाग में मौजूद एक जेई के द्वारा विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। आरोप है कि जेई आरके मिश्रा पर एक प्राइवेट को रखकर उसके भाई के नाम पर सभी ठेका का आवंटन करवाकर कमीशन लेते हैं। इसके साथ ही वार्ड 40 में विरोध प्रर्दशन से पूर्व कही भी अलाव की व्यवस्था नही की गई थी, जब लोंगों ने विरोध करना शुरू किया तो जेई ने शुक्रवार को क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था कराई गई। विरोध करने वालों में मौजूद शिव तिवारी ने बताया कि पत्र के माध्यम से माहापौर एवं नगर आयुक्त से शिकायत करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में कैलाश सिंह, शिव तिवारी, पवन सिंह, सुनील तिवारी, आंनद पाल व सुनील आदि मौजूद थे।

## राज्य विवि में पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा तीन जनवरी से, जारी किया गया विस्तृत कार्यक्रम

**प्रयागराज।** प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय की पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा तीन जनवरी से शुरू होने जा रही है। राज्य विवि ने बृहस्पतिवार को परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया। वहीं, राज्य विवि एवं संघटक महाविद्यालयों में सम सेमेस्टर की कक्षाएं पांच जनवरी से शुरू होंगी। चार जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा तीन, चार एवं पांच जनवरी को आयोजित की जाएगी। इसके तहत शोध प्रविधि की परीक्षा तीन जनवरी को होगी। रिव्यू ऑफ पब्लिश्ड रिसर्च इन रेलेवेंट फील्ड की परीक्षा तीन जनवरी को दूसरी पाली में होगी। कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं संबंधित विषय की परीक्षा चार जनवरी को होगी और मौखिक परीक्षा पांच जनवरी को आयोजित की जाएगी। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को ही गाइड आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद पीएचडी शुरू होगी। राज्य विश्वविद्यालय और संघटक महाविद्यालयों में 24 विषयों की पीएचडी की 535 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार के बाद 30 जून 2023 को परिणाम घोषित किया था। वहीं, शीतकालीन अवकाश के बाद विश्वविद्यालय एवं संघटक महाविद्यालयों में सम सेमेस्टर की कक्षाएं पांच जनवरी से शुरू हो जाएंगी।

**विषम सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम 15 जनवरी से पहले :** प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) राज्य विश्वविद्यालय



एवं संघटक महाविद्यालयों में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 नवंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित की गईं थीं। इस परीक्षा का परिणाम 15 जनवरी से पहले जारी किए जाने की तैयारी है। विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ और फतेहपुर के 253 केंद्रों में आयोजित की गईं थीं। तकरीबन पांच लाख विद्यार्थी इस परीक्षा के लिए पंजीकृत थे, जिनमें से पांच फीसदी विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी थी। कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह के अनुसार कॉपियों का मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। 15 जनवरी से पहले विषम सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया जाएगा। परीक्षा में नकल करने वाले परीक्षार्थियों और सामूहिक नकल में संलिप्त कॉलेजों को सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चिह्नित किया जा रहा है। इन मामलों को परीक्षा समिति में रखा जाएगा और समिति ही कार्रवाई को लेकर निर्णय लेगी।

# डीएम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निराश्रितों को बांटे कम्बल

अखंड भारत संदेश

### जिलाधिकारी ने स्थायी रैन बसेरे का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की ली जानकारी, बोले कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोए

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने गुरूवार को देर रात शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर निराश्रित व बेसहारा लोगो को ठण्ड से बचाव हेतु कम्बल का वितरण किया। जिलाधिकारी ने कटरा, हाईकोर्ट के पास ओवरब्रिज के नीचे, प्रयागराज जंक्शन के पास व अन्य स्थलों पर भ्रमण कर वहां खुले स्थानों पर सो रहे लोगो को कम्बल का वितरण करते हुए उन लोगो को शहर में विभिन्न स्थानों पर बनाये गये रैन बसेरों में ही सोने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोए।जिलाधिकारी ने प्रयागराज जंक्शन के पास नुरूल्ला रोड़ पर बने स्थायी रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए रह रहे लोगो से बातचीत भी की। लोगो के द्वारा व्यवस्था ठीक होने के बारे में बताया गया। रैन बसेरे के केयरटेकर के द्वारा बताया गया कि इस रैन बसेरे में कुल 40 लोगो के रहने की



व्यवस्था है, जिसमें वर्तमान समय में कुल 26 लोग रह रहे है। जिलाधिकारी ने वहां पर रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने केयरटेकर को साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के साथ-साथ वहां मास्क, सैनेटाइजर की भी व्यवस्था रखने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार सिंह, तहसीलदार सदर रवीन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने मुण्डेरा मण्डी स्थित वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल शुक्रवार को मुण्डेरा स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट के वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट का भण्डारण सुरक्षित ढंग से पाया गया। उन्होंने वहां पर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, सुरक्षा व्यवस्था तथा बारिस के दृष्टिगत कक्षों की स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा उन्होंने वेयर हाउस में सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, चकबन्दी विभाग के अधिकारी सहित निर्वाचन से सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बाइक सवार को बचाने में टवेरा डिवाइडर से टकराकर पलटी, चार की हालत नाजुक

**औद्योगिक थाना क्षेत्र के मिजार्पुर राज मार्ग पर महुआरी के पास शुक्रवार दोपहर में हुआ हादसा**

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के मिजार्पुर राज मार्ग पर महुआरी के पास शुक्रवार दोपहर बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुई एक तेज रफ्तार टवेरा कार डिवाइडर से टकराते हुए सड़क की दूसरी पटरी पर जाकर पलट गई। हादसे में टवेरा में सवार नौ लोग घायल हो गए, जिसमें चार की हालत नाजुक बनी हुई है। घायलों को एसआरएन अस्पताल भेजा गया है। साथ ही कार की टक्कर से घायल अन्य चार लोगों को एक निजी अस्पताल भेजा गया है।

करछना थाना क्षेत्र के भीरपुर निवासी इंद्रजीत यादव परिवार के साथ शुक्रवार को दोपहर में संगम स्नान करने के लिए गए थे। लौटते समय औद्योगिक थाना क्षेत्र के महुआरी गांव के पास टवेरा के सामने अचानक बाइक आ गई। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से टकराते हुए टवेरा सडक के दूसरी साइड जाकर पलट गई ।हादसे में टवेरा में सवार इंद्रजीत यादव, सोना देवी, मनी देवी व बुलबुल घायल हो गए। साथ ही बाइक सवार अंशु व धनंजय निवासी महुआरी को भी चोटे आई है। अनियंत्रित टवेरा की चपेट में आने से महुआरी गांव निवासी विद्याधर व संदीप भी घायल हो गए। टवेरा सवार घायलों को इलाज के लिए पुलिस ने स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय भर्ती कराया है। अन्य घायलों को पास के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

## नेहरू पार्क के पीछे युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के नेहरू पार्क के पीछे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पार्क के पीछे युवक का शव एक पेड़ से फंदे के सहारे लटकता मिला। सुबह उधर से गुजर रहे लोगों ने पेड़ से लटकती लाश देखी तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। उसकी पहचान हितकरण (30) के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पुलिस एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर 04 अवैध देशी बम किया बरामद

**नैनी।** नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक थाना नैनी यश पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना नैनी पुलिस द्वारा शुक्रवार को जेल रोड चौकी प्रभारी राहुल कुमार सिंह को मुखबिर की सूचना पर फूलमंडी स्थित पुलिया के पास थाना क्षेत्र नैनी से अभियुक्त मनीष खान पुत्र अन्तुखान निवासी तेन्दुई चैनपुर थाना सरायइनायत प्रयागराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 04 अवैध देशी बम बरामद किये गये। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के संबंध में थाना नैनी में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## सार्वजनिक रामलीला समिति की आयोजित हुई बैठक



**नैनी।** नैनी के स्वयंवर गेस्ट हाउस में सार्वजनिक रामलीला समिति की एक बैठक हुई अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल ने रामलीला समिति में कितना खर्चा हुआ है कितना बचा है लोगों के सामने रखें है और लोगों से आगरा किए हैं कि इसी तरीके अगर सहयोग रहा तो अगली बार इसे भाव रामलीला करवाएंगे हम लोग बैठक में उपस्थित लोग व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद राकेश जयसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष बबलू तिवारी, कोषाध्यक्ष दिलीप केसरवानी, नयन कुमार कुशवाहा, लक्ष्मीकांत तिवारी, हाशिम खान, धर्मराज पटेल, मोनू जायसवाल, चंडबली जाट, संजय जयसवाल, रविंद्र त्रिपाठी, बुलबुल राव, घनश्याम जायसवाल, दिनेश केसरवानी, पिंटू जैन, गुडविल गैरेज, महामंत्री शिव तिवारी, रितेश शुक्ला, आदि लोग उपस्थित रहे।

## दो सौ से अधिक संस्थाओं का भूमि आवंटन स्थगित, मायूस लौटे संत-तीर्थ पुरोहित

**प्रयागराज।** माघ मेले में बसने के लिए बृहस्पतिवार को तिथि निर्धारण के बावजूद भूमि आवंटन नहीं हो सका। इससे करीब दो सौ से अधिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों संतों और तीर्थ पुरोहितों को मायूस होकर लौटना पड़ा। अब इन संस्थाओं को भूमि आवंटन 31 दिसंबर को किया जाएगा। बृहस्पतिवार को सेक्टर एक, दो और तीन में बसने वाली प्रमुख संस्थाओं को भूमि आवंटन किया जाना था।महावीर मार्ग के अलावा, संगम अपर मार्ग, संगम लोअर मार्ग और सरस्वती मार्ग पर बसने वाली संस्थाओं को भूमि आवंटन की तिथि निर्धारित थी। इसके अलावा तीर्थ पुरोहितों को भी भूमि आवंटन का श्रीगणेश किया जाना था। बृहस्पतिवार को इन संस्थाओं के प्रतिनिधि भूमि आवंटन के लिए पहुंच गए। घंटों इंतजार किया जाता रहा। बाद में राजस्व कर्मियों ने सेक्टर कार्यालयों पर संपर्क करने के बाद भूमि आवंटन स्थगित किए जाने की जानकारी दी।मेला प्रशासन के मुताबिक शुक्रवार से निर्धारित तिथियों के अनुसार ही संस्थाओं को भूमि आवंटित की जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उधर, जिन संस्थाओं को भूमि आवंटित कर दी है, उन्हें सुविधा पर्ची जारी की जा रही है। इसी के साथ आचार्यवाड़ा, दंडीबाड़ा और खाक चौक में संतों के गेट और टिनघेरा के साथ टेंट लगने लगे हैं। सीएम के आगमन की व्यस्तता की वजह से बृहस्पतिवार को भूमि आवंटन स्थगित करना पड़ा। इस तिथि पर जिन संस्थाओं को भूमि आवंटित की जानी थी, उन्हें अब 31 दिसंबर को भूमि प्रदान की जाएगी। आवंटन की शेष तिथियां यथावत हैं। - दयानंद प्रसाद, प्रभारी मेलाधिकारी।

## 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**प्रयागराज।** जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प विभाग ने राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 की शुरूआत की है। जिसकी आवेदन की अंतिम तारीख अब 31 दिसंबर 2023 हो गई है। जिला गंगा समिति सचिव एवं प्रभागीय वनाधिकारी महावीर कौजलगी ने बताया कि 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार हेतु चिह्नित श्रेणियों बेस्ट डिस्ट्रिक्ट, बेस्ट ग्राम पंचायत, बेस्ट नगर निकाय, बेस्ट स्कूल और कॉलेज, बेस्ट इंस्टीट्यूट, बेस्ट इंडीज्यूक्ल फॉर एक्सीलेंस, बेस्ट इंडस्ट्री, बेस्ट सिविल, बेस्ट वाटर यूजर एसोसिएशन आदि के लिए आवेदन किए जाए। आवेदन www.awards.gov.in पर 31 दिसंबर तक आवेदन किए जाएंगे। नमामि गंगे परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जल संरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में यथा-भूजल वृद्धि, रिचार्ज, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, रिसाइकलिंग, रीयूज आदि में किये गये उत्कृष्ट कार्य एवं प्रयास के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं, संगठनों को पहचान दिलाते हुए सम्मानित जाने तथा अधिक से अधिक लोगों के मध्य जल संरक्षण के लिए जन जागृति उत्पन्न किये जाने के उद्देश्य से इन पुरस्कारों को प्रदान किया जाना है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अटाला के लोगो को योजनाओं के लाभ से जोड़ा गया

### विकसित भारत से संबंधित ऑनलाइन क्विज के माध्यम से लोगों ने जीते पुरस्कार



**प्रयागराज।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नगर निगम प्रयागराज के सहयोग से विकसित भारत संकल्प यात्रा का जागरूकता रथ आज नगर निगम के अटाला क्षेत्र में पहुंचा जहां पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित हुए। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत से संबंधित संकल्प दिलाते हुए कहा कि यह विकसित भारत संकल्प यात्रा जागरूकता रथ लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ हकदार लोगों का पंजीकरण कर उन्हें लाभ दिलाने में कारगर साबित हुई है ।इस अवसर पर योजनाओं से संबंधित माननीय प्रधानमंत्री के वीडियो को एलईडी वैन के माध्यम से दिखाया गया तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने योजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला नगरीय विकास अभिकरण, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग जनशक्तिकरण विभाग, आधार सेवा, जिला पूर्ति कार्यालय व उज्ज्वला योजना, स्वास्थ्य शिविर तथा आयुष्मान कार्ड का स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं के लाभ से जोड़ा गया तथा उनका पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को उर्दू भाषा में योजनाओं पर आधारित बुकलेट तथा विकसित भारत से संबंधित 2024 का कैलेंडर भी उपलब्ध कराया गया ।कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लगभग 10 लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना अनुभव साझा किया । उन्होने बताया कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के मिलने से हमारे जीवन में बहुत परिवर्तन आया है तथा आवास योजना का लाभ मिल जाने से अब उन्हें रहने के लिए पक्की छत मिल गई है तथा रेहड़ी पटरी पर दुकानदार भाइयों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना के तहत आसानी से लोन मिल रहा है ।उपस्थित लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित 2024 का कैलेंडर उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार राम मूरत विश्वकर्मा, राघवेंद्र कुशवाहा, गौरव गुप्ता, नवाब खान, अशरफ अली, बिलाल अहमद, रशीद नईम, जुबेर खान, पप्पू खान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। आज द्वितीय सत्र में कसेरूवा कला सहसों प्रयागराज में इसी तरह जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग तथा महिलाओं ने प्रतिभाग कर सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली और योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर सियाराम मौर्य पार्षद, वीरेंद्र बहादुर सिंह अध्यक्ष भूमि विकास बैंक, अनिल सरोज, राजधर द्विवेदी संयोजक नमामि गंगे, राकेश सिंह मंडल अध्यक्ष बहादुरपुर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# नगर में निकाली गई पूजित अक्षत कलश यात्रा

## बाल ब्रह्मचारी मनोज ने राम भक्तों को दिया आशीर्वचन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर में विशाल एवं भव्य पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा तुलसी सदन में एकत्रीकरण के पश्चात प्रारंभ हुई। पूजित अक्षत कलश यात्रा के पूर्व तुलसी सदन में भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन एवं आरती के पश्चात सभी पूजनीय संत जनों की आरती एवं माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात सच्चा बाबा आश्रम के बाल ब्रह्मचारी मनोज के द्वारा सभी राम भक्तों को आशीर्वचन प्रदान किया गया।

इसी क्रम में ओमप्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास ने भी आशीर्वचन दिया। संत के रूप में हम सब के मध्य में विराजमान श्रीमान सियाराम जी ने भी अपना आशीर्वाद प्रदान किया। तत्पश्चात रथ एवं कलश का पूजन करके यात्रा को प्रारंभ किया गया इस अवसर पर उपस्थित सभी साधु संत कर्मकांडी ब्राह्मण एवं गायत्री परिवार के संत जन उपस्थित रहे। बहुत बड़ी संख्या में माताएं और बहने भी यात्रा में सम्मिलित हुई उनका जन सैलाभ देखकर या लग रहा था कि प्रतापगढ़ अयोध्या के रूप में परिलक्षित हो रहा है। सभी संत जन एवं कर्मकांडी ब्राह्मण जन शंख ध्वनि एवं अन्य वाद्य यंत्रों के माध्यम से तथा मंत्र उच्चारण के द्वारा यात्रा प्रारंभ की गई सबसे आगे रथ, रथ के पीछे संत जन इसके पश्चात मातृशक्ति ,संभ्रांत नागरिक गण, जनप्रतिनिधि गण ,कार्यकर्ता गण एवं आम जनमानस सभी राम भक्त के रूप में अपनी-अपनी वेशभूषा में यात्रा में परिलक्षित नजर आ रहे थे। यह यात्रा तुलसी सदन से प्रारंभ होकर चैक घंटाघर होते हुए श्री राम चैराहा शिवाजी चैराहा एवं ट्रेजरी चैराहा होते हुए बलीपुर, भगवा चुंगी तत्पश्चात तुलसी सदन में पहुंची यात्रा में जगह-जगह पर सड़कों पर राम भक्तों को देखने के लिए पूजित कलश यात्रा को देखने के लिए भीड़ इकट्ठा थी। पूजित अक्षत कलश यात्रा का संचालन अभियान के सहसंयोजक प्रभा शंकर पांडेय ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक रमेश चंद्र त्रिपाठी, विभाग कार्यवाह हरीश, जिला प्रचारक शिव प्रसाद, जिला कार्यवाह हेमंत, नगर संघ चालक राज नारायण, सह नगर संघचालक विजय, सह जिला संघ चालक अशोक, अभियान के संयोजक राजन, सहसंयोजक शिव शंकर सिंह, शिवकुमार, कार्तिकेय, सीतांशु, रुचि, प्रमिला, सरोज सिंह, अनामिका आदि लोग रहे।



पूजित अक्षय कलश यात्रा में शामिल महिलाएं ।

# न्यू एंजिल्स सी0से0 स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नव वर्ष के उपलक्ष्य में मचाई धूम

## प्रबंधिका डा0 शाहिदा ने दी शुभकामनाएं

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भीषण कोहरे व ठंड के बीच भी न्यू एंजिल्स स्कूल के प्राइमरी के बच्चों ने आज स्कूल पहुंचकर नये वर्ष के उपलक्ष्य में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसकी सभी छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने तारीफ की।

न्यू एन्जिल्स सी.से.स्कूल की प्राइमरी विग की छात्र छात्राओं और अध्यापिकाओ ने नये वर्ष 2024 के स्वागत में.रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सर्वप्रथम ज्योति गुप्ता ने बच्चों को नव वर्ष के आगमन का संदेश दिया। अगृता पाण्डेय, सम्रद्धि ओझा, दीप्ति, वेदाश, रजनी, अम्बिका, सुधांशु, मान्या, इशिता, रुद, सिद्धि, पूर्वी, रिद्धि, लक्ष्य, अदिति ,राजगिरि, यश और शिवानी आदि ने सुन्दर ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। बबिता, रुचि, नयनसी, वीना, मीनाक्षी, ऊमा आदि अध्यापिकाओं ने भी बच्चों के साथ धमाल मचाया। अंत में प्रबन्धिका डॉ शाहिदा ने सभी को नये वर्ष की शुभकामनाएं दी और नये उत्साह के साथ आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया। नयी और शुभकामना की कि नये वर्ष में नयी-नयी खुशियों से उनका दामन भर जाए।



नये साल का जश्न मनाते नन्हे-मुन्ने बच्चे।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

## सीएचसी में मानसिक रोगियों का हुआ परीक्षण, तनाव से मुक्ति के दिये गये सुझाव





मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले से आयी मानसिक रोग विशेषज्ञों की टीम ने एक सौ बत्तीस रोगियों का निशुल्क जांच परीक्षण किया।

स्थानीय सीएचसी में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य शिविर में रोगियों की भीड़ उमड़ी दिखाई दी। शिविर में मौजूद डिप्टी सीएमओ डा.विकास त्रिपाठी व चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों को मनोरोग से मुक्ति के सुझाव दिए। शिविर में आए वयस्क, वृद्ध व शिशु रोगियों का निःशुल्क परीक्षण भी किया गया। शिविर का शुभारंभ स्थानीय ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह व चिकित्साधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता ने समारोहपूर्वक किया। अधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता ने शिविर में मौजूद लोगों को परामर्श देते हुए कहा कि मानसिक तनाव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालता है। उन्होनें लोगों को तनाव से बचने पर जोर देते हुए स्वस्थ चिंतन के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह ने भी शिविर में आए रोगियों को तनाव से बचने के लिए अपने सुझाव को साझा किया। संचालन बीपीएम बृजेश पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी मानव स्वास्थ्य सुरक्षा पर प्रकाश डाला। शिविर में मनोरोग विशेषज्ञ डा. ज्ञानेन्द्र मौर्य, डा. सुधाकर, डा. राहुल गुप्ता ने मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। इस मौके पर काउंसलर मुकेश मौर्या, गौरव मिश्र, देव कुमार दुबे, मान सिंह, उधम सिंह आदि रहे।

## एंटी करप्शन टीम ने कुण्डा डाकघर मे घूस लेते किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा डाकघर मे शुक्रवार की सुबह डाकघर खुलने पर एंटी करप्शन टीम के छापा मारने पर विभाग में हड़कंप मच गया टीम ने छापा मारी के दौरान घूस लेते डाक निरीक्षक को अपनी हिरासत मे लेर्क पूछ ताछ कर रही है बताते है किसी मामले मे एंटी करप्शन टीम से शिकायत की गई थी टीम ने हिरासत मे लिए सुनील गुप्ता से पूछ ताछ करने मे लगी हुई है। सूत्र की बात मानकर चले तो डाक निरीक्षक किसी की ज्वाइनिंग को लेकर पैसा मांग रहे थे जिनको रंगे हाथ टीम 5 हजार रुपया लेते हुए गिरफ्तार किया मामले की जाँच पड़ताल मे एंटी करप्शन की टीम लगी हुई है एंटी करप्सन टीम हिरासत मे लिए डाक निरीक्षक को कोतवाली ले गई, जिसकी लिखा पढ़ी करने के बाद घूस लिए जाने की जानकारी जुटा रही है।

# आज के बच्चे कल देश के भविष्य: सांसद

## पीएम श्री विद्यालय सराय सैद खां में बोले सांसद

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को सरकार की ओर से सभी प्रकार की सुविधा मिल रही है। ब्लाक के अच्छे विद्यालय को पीएम श्री विद्यालय में चयनित किया गया है। आज के बच्चे कल देश के भविष्य है। शिक्षा के साथ संस्कार भी जरुरी है।

उक्त बातें शुक्रवार को पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय सराय सैद खां में कौशाम्बी सांसद,संसदीय आचार समिति लोकसभा के सभापति, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर ने कही। सांसद विनोद सोनकर ने आगे कहा कि अभी तो शुरूआत है। वह दिन दूर नही जब देश के सभी प्राथमिक विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय में चयनित कर शिक्षा को बेहतर बनाया जायेगा। इसके बाद विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारण्टी गाड़ी के साथ विकास खंड कुण्डा के अमिलहा एवं बिहार ब्लाक के नारंगपुर गांव में सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए सांसद ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही है। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्य, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र ,कमलेश सोनकर, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, उप निदेशक, डायट प्राचार्य अशोक कुमार सिंह,खण्ड विकास अधिकारी अश्वनी सोनकर, खण्ड शिक्षा अधिकारी बिहार वंशी धर पाण्डेय,प्रधानाचार्य सुरेश गुप्ता, अध्यक्षता जेठू लाल गुप्ता, प्रधान सूरज शुक्ल, ज्ञान चन्द्र यादव फौजी, मुलायम यादव,सन्तोष तिवारी, अजय सोनकर, मनीष श्रीवास्तव, अंकित मिश्र, सरोज त्रिपाठी, मनीष शुक्ल टीशू, चुन्ना तिवारी, महेश सिंह फौजी, मोनू शुक्ल, सतीश मिश्र, प्रमोद साहू,रंजीत गुप्ता, छोटे लाल, अनिल सोनकर, संदीप साहू, दिलीप शुक्ल, देवेन्द्र सिंह, नीरज शुक्ल, आशुतोष मिश्र, वहिर अहमद, सपना सिंह, कलावती सिंह, कामिनी कौशल, प्रियंका श्रीवास्तव, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



पीएम श्री विद्यालय में मौजूद सांसद विनोद सोनकर।

## अलाव के समुचित प्रबन्ध न होने पर रूरल बार के अध्यक्ष ने डीएम को लिखा पत्र

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले में शीतलहरी और गलन भरी ठण्ड को लेकर प्रशासन द्वारा समुचित अलाव के प्रबन्ध न होने को लेकर आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाते हुए कडी नाराजगी जतायी है। शुक्रवार को उन्होंने जिले के डीएम संजीव रंजन को पत्र लिखकर जिले भर में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव के प्रबन्ध सुनिश्चित कराए जाने को कहा है। श्री ज्ञानप्रकाश ने डीएम को लिखे पत्र में जिले में जरूरतमंदो को कंबल वितरण व्यवस्था को भी हर हाल में पारदर्शी बनाये रखने की भी मांग उठायी। उन्होनें पत्र में कहा है कि ठण्ड के कारण तहसील मुख्यालयों, बस अडडों तथा पौराणिक धामों व हॉट बाजार के लोग परेशान दिख रहे हैं पर अलाव का प्रबन्ध न के बराबर है। उन्होनें जिलाधिकारी से यह भी मांग की है कि जिला प्रशासन कम्बल वितरण व्यवस्था को भी सही जरूरतमंदो तक लाभान्वित करने के लिए कडे कदम उठाये। श्री शुक्ल ने डीएम को लिखे गये पत्र के साथ अलाव को लेकर जिले में प्रबन्धों के बाबत शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी पत्र लिखा है।

# दो दर्जन स्थानों पर शहर में नगर पालिका ने जलवाए अलाव

## भीषण कोहरे व ठंड के बीच में जगह-जगह अलाव जलने से लोगों को राहत



चौराहे पर अलाव रखते नगर पालिका के कर्मचारी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दो दिन से कोहरे व शीतलहरी को देखते हुए नगर पालिका बेल्हा ने ठंड से बचने के लिये पूरे शहर में जगह-जगह अलाव जलाने की व्यवस्था की है। नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने बताया कि वैसे तो एक सप्ताह से प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है लेकिन दो दिन से कोहरा व ठंड को देखते हुए अलाव के स्थानों को और बढ़ा दिया गया है।

आज शुक्रवार को शहर के दो दर्जन स्थानों पर अलाव जलवाये गये हैं। नगर पालिका के खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जिन स्थानों पर अलाव जलवाया जा रहा है उनमें रोडवेज बस अड्डा, वकील परिषद कार्यालय के सामने कचहरी में, अम्बेडकर चौराहा, नगर पालिका कार्यालय, सदर बाजार, चिलबिला बाजार, चौक घंटाघर, रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल, भंगवा चुंगी, पल्टन बाजार शामिल हैं। बता दें कि दो दिनों से भयंकर कोहरा होने के कारण धूप नहीं निकल रही है जिससे ठंड का असर बढ़ गया है और लोग अलाव ताप रहे हैं।

## रानीगंज क्षेत्र में अलावा जलाने की मांग

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव अरविन्द यादव ने रानीगंज क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत व ग्राम सभा के प्रधानों को अलाव जलाने के लिये आगे आना होगा।

## कडाके की ठंड के बीच सरकारी अलाव हुआ गायब

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश की योगी सरकार ने कडाके की ठंड से बचने के लिये जिला स्तर के अधिकारियो को कड़े निर्देश दिये है कि प्रमुख बाजारों चैराहे पर अलाव की व्यवस्था के साथ कोई राहगीर ठंड से कंपकपाता नही मिलना चाहिए उसको कम्बल देकर ठंड से बचाव करने के लिए अलाव की व्यवस्था करे यदि ठंड मे किसी प्रकार की कोई लापरवाही सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो उसकी खैर नही है। मालूम हो कि डाकघर तहसील के साथ मानिकपुर परियावां, लवाना, आलापुर ब्राह्मौली आदि प्रमुख बाजारों मे बीते 3-4 दिनों से कडाके की ठंड पड़ रही है जिसमे तहसील शासन प्रशासन द्वारा अभी तक अलाव की व्यवस्था नही की गई प्रमुख बाजारों के व्यापारी इधर उधर से लकड़ी इकठ्ठा करके किसी तरह आग जलाकर ठंड का बचाव कर रहे है जिसमे राहगीर लोग भी राहत महसूस कर रहे है। प्रमुख बाजार के व्यापारियों ने जिलाधिकारी महोदय से ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख बाजारों मे अलाव जलाये जाने की तत्काल व्यवस्था करने के जिला इस ओर ध्यान आक्रस्ट कराया है।

## साल के आखिरी दिन 31 दिसंबर को होगा बुद्धि शुद्धि यज्ञ

**प्रतापगढ़।** कटरा गुलाब सिंह से कानूपुर मार्ग की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को जन प्रतिनिधियों के कोरे अश्वासन से दुखी होकर साल के आखिरी दिन 31 दिसंबर को बुद्धि शुद्धि यज्ञ के साथ सत्याग्रह जारी रखने का निर्णय लिया है। यज्ञ व्यवस्था की जिम्मेदारी भयहरण नाथ धाम के संरक्षक देवी प्रसाद मिश्र व अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल को जिम्मेदारी दी गई है। यह जानकारी देते हुए भयहरण नाथ धाम के महासचिव समाज शेखर ने बताया की सड़क की दुर्दशा से क्षेत्र वासी परेशान है, परंतु जन प्रतिनिधियो की उपेक्षा के कारण समस्या जस की तस बनी है। क्षेत्रीय सामाजिक नेता लालजी सिंह के संयोजन मे गत एक माह से पीड़ित ग्रामीण सत्याग्रह करके सरकार व जिला प्रशासन से सड़क के शीघ्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने का अनुरोध कर रहे है।

## ठंड से निर्धन असहाय को बचाने के लिए ग्राम प्रधान ने ऊनी कम्बल किया वितरण

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत ब्रहमौली के अलीकाताल, पासिन का पुरवा व दऊवा का पुरवा गांव मे शुक्रवार को तीन दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए ग्राम प्रधान सविता त्रिपाठी मनोज कुमार त्रिपाठी ने अपने समर्थको के सहयोग से विधवा गरीब असहाय को लगभग 115 ऊनी कंबल अपने हाथो से वितरण किया कम्बल पाकर पात्रों के चेहरे पर मुस्कान झलक उठी और ग्राम प्रधान के द्वारा दिये गये उपहार की लाभार्थियों ने सराहना किया। ग्राम प्रधान के उठाये गये इस कदम की क्षेत्र मे लोग सराहना करते दिखाई दिये कि ग्राम प्रधान द्वारा गरीबो को दिये गये उपहार की क्वालिटी बहुत अच्छी है। पात्रों में मदनलाल सरोज, कुल्ले खां, मिद्दे खां, मेवालाल, भन्ना देबी, रामदुलारी, सुंदरिया, मालती देबी, हुबरानी, शांती देबी, चम्पा देबी, दुलारे, रामपाल, हुब राजी आदि रहे। सहयोग देने वालों में राजेश साहू, पप्पू सोनकर, केसलाल, दिनेश कुमार, इदरीश खां, हीरा लाल, राम शंकर, गुड्ड, हिमांशु आदि लोग रहे।

## घर से निकली किशोरी बरामद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के एक गांव की किशोरी के अचानक गायब हो जाने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अटठाईस दिसंबर को उसकी नाबालिग बेटी घर से गांव में निकली थी। इसी बीच अचानक कहीं गायब हो गयी। काफी खोजबीन के बाद उसका कहीं पता नहीं चल सका। परेशान पीड़िता ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है, गायब किशोरी को अयोध्या में पुलिस टीम ने बरामद कर लिया है। करीब ग्यारह वर्षीया किशोरी धार्मिक प्रवृत्ति की है। जांच में उसके अपहरण की बात निराधार पायी गयी। शीघ्र ही किशोरी को उसके माता पिता को सुपुर्द कर दिया जाएगा।

# खेल से होता है शारीरिक व मानसिक विकास: प्रधानाचार्य

## राजकीय पॉलिटेक्निक में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्थानीय राजकीय पॉलिटेक्निक में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ चिलबिला स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक प्रतापगढ़ के प्रांगण में प्रधानाचार्य बी०एल०सिंह राजकीय पॉलिटेक्निक के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया गा।

इस दौरान प्रधानाचार्य ने छात्र/छात्राओं के प्रयासों की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य कि लिए शुभकामनाएं दी। अपने अभिभाषण में उन्होंने खेलकूद की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि निश्चित रूप से सवार्गीण विकास में खेलकूद का अत्यंत महत्व है इससे मानसिक एवं शारीरिक दोनों का विकास होता है।

कार्यक्रम का संचालन संस्था के पुस्तकालयाध्यक्ष श्री देवेन्द्र श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर संस्था के क्रीड़ा प्रभारी राम सिंह एवं क्रीडा अधिकारी कपिल देव साहू तथा पूर्णिमा जायसवाल, शशिबाला आदि मौज्द रहे। इस दौरान 100 मीटर दौड़ ,पुरुष वर्ग, प्रथम देवेंद्र कुमार मौर्य विश्वेश्वरैया हाउस, द्वितीय विनय सिंह भाभा हाउस ,तृतीय शिवम मौर्य भाभा हाउस, 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग प्रथम अंकित शुक्ला मालवी हाउस, द्वितीय मुस्कान मालवी हाउस, तृतीय खुशबू यादव रमन हाउस, शॉट पुट थ्रो पुरुष वर्ग प्रथम मोहम्मद साबिर विश्वश्रेया हाउस, द्वितीय अमन पांडे भाभा हाउस,तृतीय देवेंद्र कुमार विश्वेश्वरैया हाउस, शॉट पुट थ्रो महिला वर्ग प्रथम प्रकृति श्रीवास्तव रमन हाउस, द्वितीय प्रेरणा पांडे भाभा हाउस, तृतीय साक्षी विश्व श्रेया हाउस रहा।

# रामपुर खास में विकास योजनाओं में दिखेगी तेजी: प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रामपुर खास में शुक्रवार को पार्टी कार्यकताओं व क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात करते हुए विकास योजनाओं के संचालन में सहयोग मांगा। उन्होनें लोगों को भरोसा दिलाया कि रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा लायी जा रही सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा आदि से जुडी योजनाओं को उनके द्वारा मजबूती प्रदान की जाएगी। एक दिवसीय दौरे पर बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन के उपरान्त राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी यहां कार्यकताओं तथा स्थानीय लोगों से मिलकर क्षेत्रीय विकास में तेजी बनाए रखने को लेकर चर्चा की। उन्होनें पार्टी कार्यकताओं से विकास योजनाओं के प्रचार प्रसार के साथ जनता के सुख दुख में भी भागीदारी बनाये रखने पर जोर दिया। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने ननौती, मंगापुर, अमावां, लालगंज, में भी लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण कराए जाने का भरोसा दिलाया।

सांसद प्रमोद तिवारी ने मंगापुर गांव पहुंचकर अपने खाटी समर्थक व समाजसेवी शेर बहादुर सिंह चैहान के निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। वहीं विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने नौवानार गांव पहुंचकर साहित्यकार एवं पूर्व प्रधान पं. केसरीनंदन शुक्ल के भी आकस्मिक निधन पर शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। पूरे मुरली अमावां में विजय सरोज के पिता के निधन पर भी दुख जताया है। सांगीपुर बाजार में तकनीकी जनसुविधा के एक संस्थान का भी राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने शुभारंभ किया। वहीं क्षेत्र की ननौती सीमा पर पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा उत्साहजनक स्वागत भी देखने को मिला। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू, डा. अमिताभ शुक्ल, श्रीधर तिवारी, केडी मिश्र, आशीष उपाध्याय, ददन सिंह, पप्पू तिवारी, मुरलीधर तिवारी, पवन शुक्ला, राजेश सिंह, रामबोध शुक्ल, सुधाकर पाण्डेय आदि रहे।

# प्रभात एकेडमी में हुआ गायन प्रतियोगिता



गायन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रभात एकेडमी में विंटर कार्निवल के चैथे दिवस पर 20 नृत्य एक गायन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ओम प्रकाश त्रिपाठी एक दिनेश सिंह रहे। नृत्य एंव गायन प्रतियोगिता चार हाउस नाभन्दा कौशाम्बी, तक्षशिला एब विक्रमशिला के बीच आयोजित किया गया। नालन्दा हाउस से अस्मिग सोनी, शैलजा, अनुप्रिया, गैरखी, अनुप्रिया, अन्नी, अविका श्रेया, निवेदिता, कार्तिकेय कौशाम्बी हाउस से श्रेयांशी, अंशिका सुकृति, आर्या, कार्तिकय, दिव्या, रिफा खान तक्षशिला से तनिष्का, कग्मी, आहना, देऊ, पीर, अभिनव, अच्दा एक ओगसी रहे। विक्रमशिला हाउस से कार्तिकेय, आयुष, शिवांश, ओम, आर्दश, सुभांकर, समृद्धि, श्रेयान, आदित्य, सुभि प्रतिभाग किये।

# सीएम डैशबोर्ड इण्डीकेटर्स की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को सीडीओ ने दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा कार्यालय कक्ष में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की माह नवम्बर, 2023 की शासन द्वारा जारी रैंकिग में जिन विभागों के इण्डीकेटर्स की जनपद की रैंकिग 25 अथवा 25 से अधिक है उन विभागों की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने उद्योग-एमओयू मानिटरिंग, ओडीओपी वित्त पोषण, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना व विद्युत विभाग-दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण, दैनिक विद्युत आपूर्ति शहरी एवं कृषि रक्षा विभाग-कृषि रक्षा रसायन डीबीटी, कृषि विभाग बीज डीबीटी, स्वतः रोजगार-डे-एनआरएलएम बीसी राखी, ग्राम्य विकास-प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग-भवन निर्माण, सड़क निर्माण, चिकित्सा विभाग-एम्बुलेन्स 102, टेली रेडियोलाजी, दवाओं की उपलब्धता की निगरानी, सी टी स्कैन सेवायें, दुग्ध विभाग-दूध मूल्य भुगतान की स्थिति जल निगम-जल जीवन मिशन, पंचायतीराज-एस.बी.एम.फेज-2 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, पर्यटन विभाग- राज्य योजना, वन विभाग सामाजिक वनीकरण, बेसिक शिक्षा-निपुण परीक्षा आंकलन, पी.एम. पोषण, मध्यान्ह भोजन तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति पशुपालन-निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशुओं में कृतिम गभार्धान, संरक्षित निराश्रित गोवंश की सुपुर्दी, पिछड़ा वर्ग-शादी अनुदान योजना, महिला कल्याण-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, कौशल विकास-स्टेट स्किल डेवलपमेंट फंड, श्रम विभाग-कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, सहकारिता-जिला सहकारी बैंक अल्पकालीन ऋण वितरण एवं वसूली सिंचाई सिल्ट सफाई सहित अन्य विभागों की इण्डीकेटर्स रैंकिंग की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि दिनांक 30 दिसम्बर 2023 तक इण्डिकेटर्स में प्रगति लायें तथा सम्बन्धित पोर्टल पर फीड कराना सुनिश्चित करें। उन्हांने कहा कि आगामी माह किसी विभाग की इण्डीकेटर्स रैंकिंग यदि खराब पायी जाती है तो सम्बन्धित को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी।

## 30 दिसम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-करनपुर सौरई, बदलपुर ननसेनी, गिरिया खालसा व कमालपुर बरेठी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा सौरई खुर्द, चकसैनी, चलौली व लोधौर में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 30 दिसम्बर 2023 को ह्नविकसित भारत संकल्प यात्राह्न कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। ह्नविकसित भारत संकल्प यात्राह्न कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्नमेरी कहानी मेरी जुबानीह्न तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेगा। सत्र कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ-ह्नधरती कहे पुकारह्न एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।



# शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को मिलेगा मार्गदर्शन : संजय गुप्ता अध्यक्ष रिद्धि सिद्धि ग्रुप



**कौशाम्बी।** रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने अपने समस्त विद्यालयों के शिक्षकों को बोर्ड की परीक्षा में बैठने जा रहे विद्यार्थियों के घर जाकर उनका मार्गदर्शन करने हेतु हरी झंडी दिखा कर रवाना किया रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य है विद्यालय के शिक्षकों को विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के साथ संपर्क स्थापित करके परीक्षा की तैयारी में मदद करना। इस पहल के अंतर्गत, विद्यालय के शिक्षक अपने छात्रों के घरों में जाकर उनसे मिलेंगे और उनके विद्यालयीन क्षेत्रों में उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं का मूल्यांकन करेंगे। इसके साथ ही, वे छात्रों के माता-पिता से मिलकर उनके शैक्षणिक प्रवृत्तियों का भी विश्लेषण करेंगे। शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को उच्चतम स्तर की पढ़ाई के लिए प्रेरित करना है, साथ ही उन्हें उनकी कमजोरियों और स्थानीय संदीप्तताओं को समझने में मदद करना है। संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने कहा कि यह भ्रमण एक नए संबंध बनाने का एक साधन भी है, जो छात्रों को अधिक आत्मनिर्भर बनाता है और उन्हें सही मार्ग पर चलने में मदद करता है। संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा ने कहा शिक्षा क्षेत्र में इस नई पहल का स्वागत है, क्योंकि यह शिक्षकों और छात्रों के बीच संबंधों को मजबूती से बनाए रखने में मदद कर सकता है, जिससे शिक्षा में सुधार हो सकता है इस अभियान में मुख्य रूप से केपीएस वाइस प्रिंसिपल प्रखर जी, कोऑर्डिनेटर नितेश सिंह, नारायण तिवारी, शिक्षक डॉ सचिन त्रिपाठी, रणजीत सिंह मधुबन पटेल, मनोज गुप्ता, शशांक श्रीवास्तव विकास मणि विकास पांडे नीलम खरवार भजनीश कुमार, सुदीप श्रीवास्तव, सुचिता गुप्ता प्रज्ञा शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# उर्वरक विक्रेताओं के साथ डीएम ने की बैठक

**निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद की बिक्री पाये जाने पर सम्बन्धित विक्रेता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराकर की जायेंगी कार्यवाही**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में जनपद के उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने उर्वरक विक्रेताओ की समस्याओं/सुझाओं को सुनते हुए कहा कि निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद की बिक्री न किया जाय, शिकायत प्राप्त होने पर तथा औचक निरीक्षण में दर से अधिक कीमत पर खाद की बिक्री पाये जाने पर सम्बन्धित विक्रेता के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर कार्यवाही की जायेंगी। इसके साथ ही उन्होंने उर्वरक विक्रेताओ से कहा कि शत-प्रतिशत खाद की बिक्री ई-पॉश मशीन से ही की जाय तथा किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनौ डी0ए0पी0 के उपयोग के लिए भी जागरूक किया जाय। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी से कहा कि नियमों का उल्लघन पाये जाने पर सम्बन्धित उर्वरक विक्रेता के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाय इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी एवं जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# पीएमश्री ग्रामीण बच्चों को भी मिलेगी स्मार्ट क्लास की सुविधा : वेद प्रकाश सत्यार्थी

**मंझनपुर विकास खण्ड के पवैया गांव के विद्यालय शुरू हुई योजना बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम**




**कौशाम्बी।** मंझनपुर विकासखंड के आत्मिक विद्यालय पवैया को पीएम श्री योजना के तहत चुना गया है। शुक्रवार को योजना का शुभारंभ भाजपा नेता वेद प्रकाश पांडे सत्यार्थी के द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ पीएम श्री योजना का भी विस्तार से लाभ बताते हुए ग्रामीणों से वार्ता किया। इस मौके पर विद्यालय की राष्ट्रीय स्तर पर हैण्डबाल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर लौटी विद्यालय के छात्र दर्शन, मनकी और राजकुमारी को सम्मानित किया। योजना के विषय में बात करते हुए वेद सत्यार्थी ने कहा कि यह योजना गांव के बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने का काम करेगी। जहां बच्चों को स्मार्ट क्लास मिलेगी इसके साथ खेलकूद के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगी। इस मौके पर उन्होंने कहां की हम सब का सौभाग्य है कि देश के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र भाई मोदी जैसे व्यक्ति बैठे हैं जो गरीब परिवार से आते हैं। उन्होंने गरीबों को नजदीक से देखा है और गरीबों की परेशानियों को समझते हैं। जो भी योजनाएं सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं उसका लाभ गरीबों तक पहुंच रहा है। यह प्रधानमंत्री के व्यक्तिगत जीवन में गरीबों को झेल कर आगे बढ़ाने के अनुभव को जानने के चलते हुआ है। इस मौके पर उन्होंने हर घर जल, उज्जवला गैस, पीएम किसान सम्मान, वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं की चर्चा किया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान यशवंत यादव, हिंदू जागरण मंच के उपाध्यक्ष प्रकाश दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश पटेल के साथ विद्यालय के शिक्षक डॉ नेहा ओझा, निर्मला तिवारी, मनोज कुमार, हीरालाल कैथल, कमल सिंह यादव, अमित कुमार, राम बदन के साथ सैकड़ो की संख्या में गांव के लोग उपस्थित रहे।

## मुकदमा लंबित होने के बाद जमीन पर जबरिया हो रहा कब्जा

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कौशांबी थाना अंतर्गत पहाड़िया गांव निवासी रेनू देवी पत्नी बृजेश कुमार ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने गांव में बैनामा से जमीन खरीदा था जिसमें गांव के श्यामलाल पुत्र गुलजार जबरिया कब्जा कर रहे हैं मामले का मुकदमा सिविल न्यायालय कनिष्ठ श्रेणी के यहां वाद संख्या 487 422 लंबित है जिसकी सुनवाई 29 फरवरी 2024 को लगी है महिला का कहना है कि स्थानीय पुलिस के सहयोग से जबरिया जमीन पर निर्माण किया जा रहा है महिला का कहना है कि डीएम एसपी एसडीएम को शिकायती पत्र दिया जिस पर निर्माण कार्य रोकने का आदेश भी दिया गया है लेकिन थाना पुलिस मानने को तैयार नहीं है शिकायती पत्र में महिला ने बताया कि श्यामलाल अपने दर्जनों लोगों को साथ लेकर 28 दिसंबर को जमीन पर निर्माण कर रहे थे मना किया गया तो गाली गलौज किया है जान से मारने की धमकी दी है ईट पत्थर चलाए हैं पीड़ित महिला का कहना है कि दबंगों के आतंक अत्याचार के चलते जान बचाकर घर के अंदर घुस गए हैं तब जान बची है लेकिन थाना पुलिस दबंग पर कार्यवाही नहीं कर रही है।

# नेवादा ब्लॉक के इच्छना गांव मे लगाया गया ग्राम चौपाल



**कौशाम्बी।** डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सीडीओ ने नेवादा विकास खन्ड के ग्राम पंचायत इच्छना में ग्राम चौपाल की गयी। ग्राम चौपाल के दौरान डा. हिन्द मणी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी कौशाम्बी प्रदीप कुमार मौर्य खण्ड विकास अधिकारी नेवादा, पशुचिकित्साधिकारी डा. पी. के.सिंह नेवादा, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. मुक्तेश द्ववेदी नेवादा अवर अभियन्ता, लघु सिंचाई, बाल विकास परियोजना अधिकारी नेवादा, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी सहायक विकास अधिकारी पंचायत सहायक विकास अधिकारी स0/क0 पूर्ति निरीक्षक, ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान उपस्थित थे। उक्त चौपाल कार्यक्रम में पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लघु सिंचाई, आईसीडीएस, समाज कल्याण विभाग एवं खाद्य एवं रसद विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में सम्बन्धित विभाग द्वारा ग्रामवासियों को जानकारी दी गयी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी द्वारा पोषण माह के अन्तर्गत गोद भराई और अन्नप्राशन का कार्यक्रम सुपरवाइजर की अगुवाई में किया गया तथा और सभी को पोषण से संबंधित बातें भी बतायी गयी। डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी द्वारा प्राथमिक विद्यालय इच्छना विकास खण्ड नेवादा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण प्रधानाध्यापक सहित 02 सहायक अध्यापक व 01 शिक्षा मित्र उपस्थित मिले। शीतकाल होने के कारण छात्र-छात्राओं को अवकाश दिया गया है। विद्यालय में 01 सहायक अध्यापक आकस्मिक अवकाश पर थे। विद्यालय में रैम्प, पेयजल आदि की व्यवस्था ठीक पायी गयी।

# कड़ा के खोचकिमई गांव में आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कड़ा ब्लाक के खोचकिमई गांव में गुरुवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अगुवाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलापंचयात सदस्य तूफान सिंह विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि आकाश सोनकर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय खोचकिमई बच्चो के दौरा मां सरस्वती गीता व नित्य कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के स्टाल कर्मचारियों ने लगाए और उसके बारे में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी प्रदान किया। उसके बाद जिला पंचयात सदस्य ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की मोदी जी का सपना भारत को विकसित बनाना हैं। यह तभी पूर्ण होगा जब गांव का हर व्यक्ति मजबूत होगा। इसीलिए मोदी जी के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की गारंटी के लिए गांव गांव पहुंचकर दी जा रही हैं। सांसद प्रतिनिधि ने कहा जब गांव का विकास होगा तभी देश विकसित होगा। सभी पात्र लोगों को सरकार के माध्यम से चलाई जा रही योजनाएं निश्चित रूप से मिलेगी। खंड विकास अधिकारी ने कहा यदि कोई पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से वंचित हो रहा हो तो संबंधित स्टाल पर अपनी समस्या दर्ज कराएं उसे योजना से लाभान्वित किया जाएगा। अंत में किसान सम्मान निधि से लाभांवित किसानों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एपीओ मनरेगा ने ग्रामीणों को मनरेगा और जाब कार्ड सबंधित जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत रामकिशोर भारतीय, ग्राम विकास अधिकारी निखिल सिंह प्रधान संतोष कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## 53 प्रतिशत से अधिक जिले में हुई सरकारी धान की खरीद

**कौशांबी** सरकार द्वारा कौशांबी जिले में धान खरीद के लिए 70 हजार मेट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है 28 दिसंबर 23 तक विभाग ने 37 हजार 295 मेट्रिक टन धान खरीद कर लिया है सरकारी धान खरीद केदो में खरीदे गए धान को कुटाई के लिए चावल मिलों को दिया गया है जिले की 9 धान मिल और अन्य जिलों की 6 धान मिल सहित कुल 15 धान मिल में सरकारी धान की कुटाई कर चावल तैयार किया जाएगा जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी सुधांशु शेखर चौबे ने बताया कि 17 हजार 706 मैट्रिक टन धान कुटाई के लिए मिल मालिकों को दिया जा चुका है जिसमें 77 प्रतिशत से अधिक चावल की रिकवरी धान मिल मलिक से हो चुकी है और एफसीआई गोदाम में सरकारी चावल भंडारण कराया गया है शेष चावल जल्द मिल मालिकों से रिकवर कर लिया जाएगा और खरीद समय सीमा पूर्ण होने तक धान खरीद का लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा। जिला खाद्य एवं विपरण अधिकारी सुधांशु शेखर चौबे ने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार धान खरीद केंद्रों के माध्यम से धान खरीद का लक्ष्य 28 फरवरी समय सीमा तक पूर्ण कर लिया जाएगा और धान खरीद केंद्रों में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कतें नहीं हो रही है उन्होंने बताया कि अब तक किसानों से खरीदे गए 37 हजार मेट्रिक टन धान में 86 प्रतिशत से अधिक धान खरीद का भुगतान किसानों के बैंक खाते में कर दिया गया है शेष किसानों का भुगतान जल्द कर दिया जाएगा।

# पक्की दीवाल गिरने से मजदूर दब कर हुआ घायल, इलाज के दौरान मौत



**करारी कौशांबी।** करारी कस्बे के एक मैरिज हॉल के पीछे मजदूर बेसमेंट में काम कर रहा था तभी मिट्टी पटाव होने की वजह से बेसमेंट की दीवाल पलट गई जिससे मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। आरोप है कि उसके उपचार में कमी लाई गई जिसके कारण मजदूर की मौत हो गई, मौत के बाद परिजनों ने इलाज में कमी होने का आरोप लगाया है। डॉक्टर व परिजनों में घंटों झड़प भी हुई, मामले में पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर मामले को शांत कर दिया है हालांकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अन्य पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। करारी कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस के पीछे बेसमेंट में काम लगा था जहां पर लहगा गांव निवासी राम भवन उम्र 45 वर्ष पुत्र रामसेवक काम कर रहा था तभी शाम 5:00 बजे अचानक दीवाल बैठने लगी वहां पर मौजूद अन्य मजदूरों ने बताया कि पटाव की मिट्टी ज्यादा होने की वजह से बेसमेंट की ताजी दीवाल पलट गई जिससे राम भवन घायल हो गया इलाज के लिए मुकीमपुर के जनजीवन हॉस्पिटल लाया गया अस्पताल में सही उपचार न होने की वजह से मजदूर की मौत हो गई मौत को खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामले में परिजन और डॉक्टर कंपाउंडर के बीच कुछ देर झड़प भी चली कुछ ही देर में करारी थाना प्रभारी को सूचना दी गई मौके पर थाना प्रभारी मैं फोर्स के साथ जन जीवन हॉस्पिटल पहुंच गए जहां पर मामले को शांत करा कर शव को कब्जे में लिया और लिखा पढ़ी कर शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक राम भवन के पांच लड़के एक लड़की है किसी प्रकार अपने बच्चों का भरण पोषण कर रहा था। थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह का कहना है कि परिजन से तहरीर प्राप्त होने के बाद जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### राजस्व टीम ने चकमार्ग को कब्जे से कराया मुक्त



**कौशाम्बी।** विकास खण्ड मूरतगंज के ग्राम पंचायत समसपुर में सोहन पासी के घर से दलित बस्ती होते हुए प्राचीन शिव मंदिर तक दूरी लगभग 700 मीटर मनरेगा के तहत चकमार्ग में मिट्टी का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से दलित बस्ती के लोगों को आने जाने में आशान मार्ग मिल जाएगा। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले राजस्व की टीम व पुलिस बल मौके पर पहुंच कर चकमार्ग को चिन्हित कर के चकमार्ग में पत्थर गढ़ी भी करवाया। ग्राम पंचायत के ही रमेश व गनेश पुत्रगण रामदेव ने राजस्व टीम के द्वारा पैमाइश के दौरान पत्थर गढ़ी को उखाड़ कर फेंक दिए तथा हो रहे कार्य को रूकवा दिए। जिसकी जानकारी मनरेगा के तहत मजदूरों ने वर्तमान ग्राम प्रधान पति आशीष पाण्डेय को बताया। प्रधान पति ने मौके पर जाकर अराजकतत्वों से पूछा कि चकमार्ग में जो पत्थर गढ़ी हुई थी उसे क्यों उखाड़ कर फेंक दिए हैं। इतनी सी बात में अराजकतत्व लड़ाई झगड़ा करने पर अमादा हो गये है। प्रधान पति ने अराजकतत्वों के विरुद्ध चकमार्ग में किए जा रहे कार्य को जबरन रोकने व पत्थर गढ़ी को दबंगई के बल पूर्वक उखाड़ कर फेंक देने का नाम जद्द लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र स्थानीय थाना चरवा में दिया।

### एक्सिस बैंक की शाखा का हुआ उद्घाटन



**भरवारी कौशांबी** नगर पालिका परिषद भरवारी कस्बा के मेहता रोड पर शुक्रवार को एक्सिस बैंक की शाखा का उद्घाटन हुआ जिसमे कौशांबी इंडियन गैस के मालिक गौरव केसरवानी उर्फ मोनू सेठ का स्वागत बैंक के अधिकारी एवम कर्मचारीगण ने किया यहां यह बताना अति आवश्यक है कि भरवारी मेहता रोड में यह पहला बैंक है जिसका शुक्रवार को उद्घाटन कर कस्बा सहित ग्राहकों को सुविधा प्रदान की गई हैं। इस मौके पर एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक नदीम खान ऑपरेशन मैनेजर सृजन सिंह उप प्रबंधक गुलाम क्लास्टर हेड मोहित दुबे मैक्स लाइफ हेड अंकित श्रीवास्तव स्थानीय ऑफिसर संदीप झा आदि लोगों ने ब्यापरी नेता एवम कौशांबी इंडियन गैस एजेंसी के मालिक गौरव उर्फ मोनू सेठ को बुके देकर स्वागत किया मेहता रोड में एक्सिस बैंक की शाखा खुल जाने के बाद ग्राहकों को सुविधाए होंगी।

### चौराडीह में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित




**महगाव कौशाम्बी** बिकास खण्ड कार्यालय चायल के ग्राम पंचायत चौराडीह में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी व मंडल के भाजपा पदाधिकारी गणों की उपस्थित में क्षेत्र वासियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य पूर्व ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार तिवारी मंडल अध्यक्ष गुलाब सिंह पटेल पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष चक्रेस मिश्रा भोलेशंकर कुशवाहा सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद हैं

### दलदल के रास्ते से आने जाने को मजबूर हुए ग्रामीण



**हर्रायपुर कौशाम्बी** भरवारी नगर पालिका परिषद के धर्मराज नगर वार्ड नं19 में ग्रामीणों को दलदल के रास्ते से आने जाने को मजबूर होना पड़ रहा है सड़कों में जल भराव होता है कीचड़ भर जाता है जिससे सड़क पर चलने वाले लोग अक्सर गिर जाते हैं भारी भरकम बजट के बाद नगर पालिका क्षेत्र की सड़क नहीं बनाई जा रही है जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है सड़क देखने से ही पता चल रहा है कि सड़क की दुर्दशा हो चुकी है सड़क नरक में तब्दील हो गई है ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में स्वच्छता अभियान की भी धज्जियां उड़ रही है महीनों बीत जाने के बाद साफ सफाई करने गांव क्षेत्र में सफाई कर्मी नहीं पहुंचते हैं जिससे चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है लोगों ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भरवारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए साफ सफाई व्यवस्था ठीक कराए जाने और खराब सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है

### बरोलहा गांव में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम



**बेनीराम कटरा कौशाम्बी** सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम शुक्रवार को नेवादा ब्लाक के ग्राम सभा बरोलहा में आयोजित किया गया अधिकारी व कर्मचारी ने किया स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, आगनवाड़ी, पीएम किसान सम्मान,पूर्ति विभाग, श्रम विभाग उज्वला विभाग, व अन्य भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों के संबंध में बताया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम रही है। इस सरकार में हर धर्म और समुदाय के पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिन पात्र लोगों को अभी तक सरकार के माध्यम से चलाई जा रही किसी योजना का लाभ नही मिला हो तो वह अपना आवेदन दें जिससे आगे की प्रक्रिया हो सके। इसके साथ ही कार्यक्रम मे ग्राम प्रधान कल्लू यादव,जयसिंह यादव, कोटेदार जालिम सिंह,ग्राम विकास अधिकारी वेद प्रकाश,लेखपाल व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे अतिथियों ने जाकर वहां उपस्थित सभी लोगों को योजनाओं की जानकारी से अवगत कराते हुए समस्याओं को सुना

### हमले में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**महेवाघाट कौशाम्बी** महेवाघाट थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव मे एक सप्ताह पूर्व विवाद मे घायल महिला कृष्णा सिंह 65 पत्नी छेदी सिंह का इलाज के दौरान स्वरूपरानी अस्पताल मौत हो गयी है महिला की मौत के बाद परिवार मे कोहराम मचा हुआ है जानकारी के मुताबिक 20 दिसंबर को महेवा घाट थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में करण सिंह आदि लोगों ने लाठी डंडे से हमला कर महिला सहित कई लोगों को लहूलुहान कर दिया था घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है

## संपादकीय

# स्त्री शक्ति के महत्व से ही राष्ट्र निर्माण में चौतरफा विकास

भारतीय संस्कृति और इतिहास में स्त्रियों को सदैव उच्च स्थान प्रदान किया गया हैह्व यह भी मान्यता मानी गई है कि जिस घर में स्त्री का सम्मान होता है, वह घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो कर समाज में विशिष्ट स्थान बनाता हैह्व यही कारण है कि भारत देश को भारत माता कहा जाता हैह्व नारी तथा समस्त स्त्री जाति ने भारत देश का मान सदैव शीर्षस्थ बना कर रखा है ऐसे अनगिनत उदाहरण इतिहास में और वर्तमान में हमारे समक्ष हैं जिससे हमारा सिर सदैव वैश्विक स्तर पर ऊंचा हुआ है।

महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है, अतः स्वाधीनता के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, अरूणा आसफ अली, मैडम भीकाजी कामा,सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, दुर्गा भाभी और न जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, विजयलक्ष्मी पंडित विश्व की प्रथम महिला जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष बनी, सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, इंदिरा गांधी जैसे महिलाओं ने राजनीतिक प्रतिभा का प्रयोग राष्ट्र निर्माण और विकास में किया है जो अपने समय के महत्वपूर्ण सशक्त हस्ताक्षर थी। वर्तमान में भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ममता बनर्जी, मायावती, स्मृति ईरानी, सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी, हरसिमरन, कौर वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रतिभा पाटिल, मृदुला सिन्हा आदि ने राजनीति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपने कार्यों से महिलाओं का सम्मान बढ़ाया एवं देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दिया है। यह कहने में कतई गुरेज नहीं है कि महिलाएं राजनीति, सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक, चिकित्सकीय, और विज्ञान में देश के हित के लिए अग्रणी रही हैं। सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका को नमन करते हुए कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें साधुवाद प्रदान कर उनकी इस भूमिका को प्रणाम करता है।

# चापलूसी संस्कृति से चमक खोती कांग्रेस

**– ललित गर्ग–**

कांग्रेस में शीर्ष नेतृत्व के प्रति चापलूसी की पुरानी परंपरा रही है, इस परंपरा को कांग्रेसी नेता पार्टी की संस्कृति की तरह से अपनाते रहे हैं। ऐसे अनेक नेता हुए हैं, जिन्होंने उस परंपरा को परवान चढ़ाने की मिसाल कायम करके सुर्खियां बटोरीं हैं, लेकिन इससे सबसे सशक्त एवं पुरानी राजनीतिक पार्टी का क्या हश्र हो रहा है, इस बात को देखने का साहस पार्टी के भीतर किसी नेता में नहीं है। यही कारण है कि राष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के बाद सर्वाधिक वोट बैंक वाली पार्टी होने के बावजूद वह कोई सार्थक परिणाम एवं प्रदर्शन नहीं दिखा पा रही हैं। हाल ही में सम्पन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में उसने करारी हार का सामना किया है। इन राज्यों में हुए चुनावों में या तो कांग्रेस की सरकार जाती रही या विपक्ष में होने का बावजूद भी वो वहां कुछ खास कमाल नहीं कर सकी। राहुल गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए पार्टी 2019 के लोकसभा चुनाव में कोई खास कमाल नहीं कर सकी। पूर्व में सम्पन्न हुई राहुल की भारत जोड़ो यात्रा की भांति आगामी न्याय यात्रा कोरा चापसूसों का जमावड़ा होकर रह जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है।



भारतीय राजनीति के अमृतकाल तक पहुंचे शासन में से लगभग पचास साल कांग्रेस का राज रहा है। प्रश्न है कि ऐसे क्या कारण है कि अब कांग्रेस सत्ता से दूर होती जा रही है। कद्दावर एवं राजनीतिक खिलाड़ियों की पार्टी होकर भी वह अपना धरातल खोती जा रही है। इसका कारण परिवारवाद एवं चापलूसी राजनीतिक संस्कृति ही है। इसी कारण अनेक पार्टी-स्तंभ नेता पार्टी छोड़कर जा चुके हैं। बावजूद इसके पार्टी कोई सबक लेने को तैयार नहीं है। कांग्रेस अगर इस गलतफहमी में जीना चाहती है कि वंशवादी नेतृत्व ही उसका उद्धार करेगा तो उसे ऐसी गलतफहमी पालने का पूरा अधिकार है, लेकिन उसके परिणाम भी उसे झेलने ही होंगे। ऐसा नहीं कि पार्टी से जुड़े हर ऊपर से नीचे तक के कार्यकर्ता एवं नेता को उचित अनुचित का बोध नहीं है। वे सब कुछ जानते हुए भी मक्खी निगलते हैं? आखिर क्यों? इसीलिए कि जिंदगी भर चापलूसी करते-करते जी-हूजुरी या चमचागिरी करना ही उनका बोध रह गया है।

नेता को सारे अधिकार समर्पित करके हमारे देश के पार्टी कार्यकर्ता अपनी बुद्धि एवं विवेक को स्थायी तौर पर निस्तेज एवं गूंगा बना देते हैं। इसी के चलते लोकतंत्र की ओट में नेतातंत्र पनपने लगता है। उसका आखरी अंजाम होता है, राजनीति का पतन। अपनी कुर्सी बचाने के लिए नेता अपनी पार्टी, सरकार, संसद और यहां तक कि देश को भी दांव पर लगा देता है। चापलूसी खुद को तो आगे बढ़ा देती है, लेकिन बाकी सबको पीछे ढकेल देती है। चापलूसी का मक्खन राजनीति की राह को इतनी रपटीली बना देता है कि उस पर नेता, पार्टी और देश, सभी चारों खाने चित हो जाते हैं। चापलूसी का दरवाजा खुलते ही प्रश्नों की खिड़कियां अपने आप बंद हो जाती हैं। लगातार रसातल ही ओर जा रही कांग्रेस की इस स्थिति का कारण भी यही है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व कब समझेगा कि चापलूसी एक नकली सिक्का है और नकली सिक्कों की बदौलत उन्नति नहीं, अवनति ही झेलनी पड़ती है।

कांग्रेस को चापलूसी का घुन खोखला कर रहा है। यूं तो प्रारंभ से ही कांग्रेस चापलूसियों का गिरोह रही है। राजनीति की द्वंद्वात्मकता को समाप्त करने में चापलूसी मुख्य भूमिका निभाती है। चापलूसी ने भारतीय राजनीति को वंशवादी, सम्प्रदायवादी, जातिवादी बना दिया है। नेता का हित ही पार्टी का हित है, देश का हित है। इस संकीर्ण चरित्र ने पार्टियों में आंतरिक लोकतंत्र को मरणासन्न कर दिया है। अगर पार्टियों में आंतरिक लोकतंत्र नहीं है तो वह देश में कैसे रह सकता है? संकट की घड़ी में वह धराशायी हो जाता है। हमारे आज के नेता कोई महात्मा गांधी की तरह नहीं हैं कि उनके सद्गुणों को उनके अनुयायी लोग अपने जीवन में उतारे। नेता वैसा आग्रह करते भी नहीं और अनुयायी वैसा करना जरूरी भी नहीं समझते। इसीलिए हमारी राजनीति ऊपर से चमकदार और अंदर से खोखली होती जा रही है। जो अपने इर्द-गिर्द चापलूस लोगों की भीड़ देखने के आदी होते हैं, उन्हें हर जगह यही अपेक्षित होता है। आज इंडिया गठबंधन में बिखराव का भी बड़ा कारण यही चापलूसी संस्कृति है। कांग्रेस में चापलूसी का इतिहास पुराना रहा है। अपने नेता का महिमामंडन करने के लिये कार्यकर्ता क्या-क्या नहीं करते एवं कहते हैं। कभी तत्कालीन कपड़ा मामलों के मंत्री रहे शंकरसिंह वाघेला ने महात्मा गांधी के बाद भारतीय इतिहास में त्याग करने वाले लोगों में सोनिया गांधी को माना। वहीं सलमान खुर्शीद ने कहा था कि सोनिया गांधी सिर्फ राहुल गांधी की मां नहीं हैं। हम सब की मां हैं। वे सारे देश की मां हैं!ह्व संवेदनशील भारतीय इससे चौंके ही नहीं, बुरी तरह क्रोधित भी हुए हैं। यह भारत का अपमान था, यह ह्यमांह्व जैसे सर्वोच्च रिश्ते का अपमान था। लेकिन अपमान करने में कांग्रेस के कार्यकर्ता ही नहीं, खुद सोनिया, राहुल एवं अन्य नेताओं ने कोई कमी नहीं रखी। राहुल गांधी जैसे नेता ने प्रधानमंत्री को पनौती करार दे दिया। वनडे विश्व कप फाइनल में भारत की हार के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने प्रधानमंत्री को जेबकतरा भी करार दिया। इसके अलावा उन्होंने यह भी समझाने की कोशिश की कि आप जो कुछ खरीदते हैं उसका पैसा सीधे अदाणी की जेब में जाता है। ऐसे अनेक उदाहरण है जिसमें कांग्रेस के नेताओं ने मयार्दा, शालीनता एवं शिष्टता का चीरहरण ही कर दिया। पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता में यह दम नहीं कि वह अपने नेताओं से पूछे कि आप देश के प्रधानमंत्री के लिये विषवमन करके किस तरह पार्टी का हित कर रहे हैं?

बात केवल कांग्रेस की ही नहीं, सभी दलों की है। दलों में चापलूसी गहरी पैठ गयी है। लगातार पांव पसार रही इस विसंगति के कारण अनेक दल आज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता को बचाने की जद्दोजहद में लगे हैं। जिन दलों ने इस विसंगति से दूरी बनायी, वे लगातार अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूत बना रहे हैं। राजनीति के इस चापलूसीकरण के कारण ही देश के श्रेष्ठ और स्वाभिमानी लोग राजनीति से परे रहते हैं। राजनीति में घुसने और आगे बढ़ने के लिए सिद्धान्त एवं मयार्दाहीन नेताओं के आगे इतनी नाक रगड़नी पड़ती है कि जिन लोगों में देश-सेवा एवं शुद्ध- राजनीति की ललक है, वे भी घर बैठना ज्यादा सही समझते हैं। नेतागण केवल उन्हीं लोगों को अंदर घुसने देते हैं और आगे बढ़ाते हैं, जो उनके निजी स्वार्थों की पूर्ति करें। अनेक नामी-गिरामी उद्योगपति, पत्रकार, फिल्म अभिनेता और विद्वान भी राजनीति में गए हैं, लेकिन उन्हें इसीलिए स्वीकार किया गया है कि वे साफ-साफ या चोरी छिपे किसी नेता की चमचागिरी करते रहे हैं। उनसे अधिक प्रसिद्ध और उनसे अधिक योग्य लोग अपने घर बैठे हैं।

चापलूसी के घेराबंदी का ही परिणाम है कि कांग्रेस में सही को सही एवं गलत को गलत ठहराने का निर्णय लेने वाला कोई साहसी नेता नहीं है। यही कारण है कि राहुल गांधी मोदी विरोध के नाम पर देश के विरोध पर उतर जाते हैं। वे इस तरह का आचरण इसीलिए करते हैं, क्योंकि उन्हें पार्टी संचालन एवं राजनीतिक परिपक्वता के तौर-तरीकों का कोई अनुभव नहीं। उनकी तरह सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी भी कोई जिम्मेदारी लिए बिना पर्दे के पीछे से सब कुछ करने में ही यकीन रखती हैं। कांग्रेस की मजबूरी यह है कि वह गांधी परिवार के बिना चल नहीं सकती। कांग्रेस नेताओं की भी यह विवशता है कि अपने नेता के बयानों को सही एवं जायज ठहराने में सारी हदें लांघ जाते हैं। लेकिन, प्रश्न यह है कि क्या दुश्मन राष्ट्र से जुड़ी स्थितियों पर बोलते हुए वह मात्र भारत के विपक्षी दल के नेता होते हैं? क्या उन्हें यह नहीं सोचना चाहिए कि वह भारत का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं? यह समस्या मात्र राहुल गांधी की नहीं है। पूरा विपक्ष यह नहीं समझ पा रहा है कि सत्ताधारी दल के विरोध और देश के विरोध के बीच फर्क है। सत्ताधारी दल का विरोध करना स्वाभाविक है, लेकिन उस लकीर को नहीं पार करना चाहिए, जिससे वह देश का विरोध बन जाए। ऐसे बयानों से किस पर और कैसे प्रभाव पड़ता है। सरकार और राष्ट्र के विरोध के बीच अंतर समझना भी आवश्यक है।

# अपराधों से जूझती आधी आबादी

**योगेश कुमार गोयल**

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभर कर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि सरकार महिला सशक्तिकरण का कितना भी दावा करे, वास्तविकता यही है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में कोई सुधार नहीं आया है। उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है। दूसरे राज्यों के मुकाबले उत्तरप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में सर्वाधिक प्राथमिकी दर्ज हुई हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध में दिल्ली लगातार तीसरे साल 19 महानगरों में सबसे आगे है। सभी राजनीतिक दल चुनावों में घोषणा करते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे महिलाओं की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित करेंगे, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। महिलाओं के प्रति अपराधों पर एनसीआरबी के आंकड़ों से साफ पता चलता है कि महिलाएं स्वयं को कहीं भी सहज और सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। देश में शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी न हुई हो। विडंबना है कि महिलाओं पर अपराध के मामलों में अधिकतर पति, प्रेमी, रिश्तेदार या कोई अन्य करीबी शख्स ही आरोपित निकले। इन मामलों में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों द्वारा 31.4 फीसदी क्रूरता, 19.2 फीसदी अपहरण, 18.7 फीसदी बलात्कार की कोशिश और 7.1 फीसदी बलात्कार करने के मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश में बलात्कार के कुल 31,516 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 5399 मामले राजस्थान, 3690 मामले उत्तरप्रदेश, 3029 मध्यप्रदेश, 2904 महाराष्ट्र और 1787 मामले हरियाणा में दर्ज किए गए। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में देश की राजधानी दिल्ली सबसे आगे है, जहां 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14247 मामले दर्ज किए गए। दिल्ली और राजस्थान जहां महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित राज्य हैं, वहीं दहेज के लिए जान लेने वालों में पहले स्थान पर उत्तरप्रदेश और दूसरे पर बिहार है। उत्तरप्रदेश में दहेज के लिए 2138 और बिहार में 1057 महिलाओं की हत्या कर दी गई, जबकि मध्यप्रदेश में 518, राजस्थान में 451 और दिल्ली में 131 महिलाओं की हत्या दहेज के लिए की गई। ह्यएनसीआरबीह्व के अनुसार प्रति एक लाख जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2021 में 64.5 फीसदी से बढ़ कर 2022 में 66 फीसदी हो गई, जिसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48,755 मामले दर्ज किए गए। ये 2021 के 43,414 मामलों की तुलना में 12.3 फीसदी ज्यादा हैं। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि तमाम दावों, वादों और नारों के बाद भी आखिर देश में ऐसे अपराधों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? कितनी चिंतनीय स्थिति है कि जिस भारतीय संस्कृति में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है, वही नारी घर में भी सुरक्षित नहीं है। परिजनों के हाथों घरेलू हिंसा, दहेज हत्या, झूठी शान के लिए हत्या, बलात्कार और सहजीवन में जान गंवाने के मामले में स्थिति काफी दयनीय है। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि महिलाएं न परिवार में, न आस-पड़ोस में और न ही बाहर के वातावरण में खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं।

राष्ट्रीय महिला आयोग के आंकड़े देखें तो 2023 के 19 सितंबर तक ही महिलाओं के खिलाफ अपराध की कुल 20,693 शिकायतें मिलीं, जिनके इस वर्ष के अंत तक बढ़ने की संभावना है। वर्ष 2022 में आयोग को 30,957 शिकायतें मिली थीं, जो 2014 के बाद सर्वाधिक थी। वर्ष 2014 में 30,906 और 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 30 हजार से ज्यादा शिकायतें मिली थी। आयोग ने तेजाब हमले, महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध, दहेज हत्या, यौन शोषण और दुष्कर्म जैसी कुल 24 श्रेणियों में शिकायत दर्ज की। सर्वाधिक शिकायतें गरिमा के साथ जीने के अधिकार को लेकर दर्ज की गई, उसके बाद घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, छेड़खानी और बलात्कार की शिकायतें हैं। दिल्ली में ह्यनिर्भया कांडह्व के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों पर लगाम कसने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए, उससे लगा था कि समाज में संवेदनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्त्वों के हौसले पस्त होंगे, पर शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब महिला हिंसा से जुड़े अपराधों के मामले सामने न आते हों। ऐसे अधिकांश मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन का भी गैर-जिम्मेदाराना रवैया दिखता है। यह निश्चित रूप से कानून-व्यवस्था और पुलिस- प्रशासन की उदासीनता का ही नतीजा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों में शायद ही कभी खौफ दिखता हो।

कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी-दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों, छेड़छाड़, मयार्दा हनन या फिर अपहरण, क्रूरता, आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है। कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्त्वों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती। स्पष्ट है, केवल कानून कड़े कर देने से महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों पर लगाम नहीं कसी जा सकेगी। इसके लिए जरूरी है कि सरकारें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त करने के साथ उसकी जवाबदेही सुनिश्चित करें। ऐसे मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन की जिस तरह की भूमिका सामने आती रही है, वह काफी हद तक इसके लिए जिम्मेदार है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का काम करती रही है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी होगी?

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)/दधिबल**

# पर्यावरण एवं स्वास्थ्य को निगलते रासायनिक उर्वरक

**–डॉ. सत्यवान सौरभ**

उर्वरक भारत में कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण आदानों में से एक है। कुल उर्वरक खपत के मामले में भारत दुनिया में दूसरे और दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) देशों में पहले स्थान पर है। उर्वरक वितरण और उपयोग से संबंधित सरकारी नीतियों में बदलाव ने पोषक तत्व उपयोग अनुपात को काफी प्रभावित किया है। उर्वरक पोषक तत्वों का अत्यधिक उपयोग या दुरुपयोग या असंतुलित उपयोग पर्यावरणीय गिरावट और जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहा है। असंतुलित उर्वरक उपयोग के मिश्रित हानिकारक प्रभाव न केवल मिट्टी और वायुमंडलीय प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं, बल्कि जल निकायों (यूट्रोफिकेशन) को भी प्रभावित कर रहे हैं और जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण प्रदूषण होता है क्योंकि उनकी अवशिष्ट और अप्रयुक्त मात्रा हवा, पानी और मिट्टी के लिए प्रदूषक बन जाएगी। यह जल निकायों में यूट्रोफिकेशन की प्रक्रिया भी शुरू करता है, जिससे मिट्टी के माइक्रोफ्लोरा को मारकर मिट्टी की गुणवत्ता कम हो जाती है, आदि। उर्वरकों के अधिक प्रयोग से मिट्टी की अम्लता भी बढ़ती है। उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र को भी परेशान करता है जो अंततः मिट्टी की उत्पादकता को बाधित करता है।

रासायनिक उर्वरकों के अपने उपयोग हैं, लेकिन उनके छिपे खतरे भी हैं। चाहे खेत में या लॉन में उपयोग किया जाए, पौधों को बढ़ने में मदद करने के लिए जितना उपयोग किया जा सकता है उससे अधिक लगाने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान होता है। चूँकि रासायनिक उर्वरकों से होने वाली क्षति अक्सर दीर्घकालिक और संचयी होती है, इसलिए मिट्टी को उर्वरित करने के वैकल्पिक और टिकाऊ तरीकों पर विचार करना बुद्धिमानी हो सकती है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से पर्यावरण संबंधी समस्याएं खराब हैं, और उन्हें हल करने में कई साल लगेंगे। हालाँकि, रासायनिक उर्वरकों से एक तात्कालिक चिंता मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। कम से कम, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करके उत्पादित खाद्य फसलें उतनी पौष्टिक नहीं हो सकती हैं जितनी होनी चाहिए। ऐसा इसलिए है क्योंकि रासायनिक उर्वरक पौधों के स्वास्थ्य के लिए तेजी से विकास करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऐसी फसलें होती हैं जिनका पोषण मूल्य कम होता है । पौधे एनपीके से थोड़े अधिक पर बढ़ेंगे, लेकिन उनमें कैल्शियम, जिंक और आयरन जैसे आवश्यक पोषक तत्व नहीं होंगे या कम विकसित होंगे। इसका उपभोग करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। सबसे खराब स्थिति में, रासायनिक उर्वरक वयस्कों और बच्चों में कैंसर के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं और भ्रूण के मस्तिष्क के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। वर्तमान में पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए उर्वरक के उपयोग में संतुलन की आवश्यकता महती आवश्यकता है। किसानों को उर्वरकों के उपयोग की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करें, जिसमें सही मात्रा, समय और उपयोग की तकनीकें शामिल हैं। जो किसान अधिक ज्ञान प्राप्त करेंगे वे निर्णय लेने में बेहतर ढंग से सुसज्जित होंगे। लक्षित सब्सिडी कार्यक्रमों को लागू करें जो छोटे और हाशिए पर रहने वाले किसानों को समर्थन देने पर केंद्रित हों जो वित्तीय बाधाओं का सामना कर रहें हैं। यह सुनिश्चित करता है कि सब्सिडी उन लोगों को दी जाए जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। विशेष फसल और मिट्टी की आवश्यकताओं के आधार पर उर्वरक के उपयोग को अधिकतम करने के लिए, मिट्टी परीक्षण और पोषक तत्व प्रबंधन रणनीतियों जैसी सटीक कृषि तकनीकों के कार्यान्वयन को बढ़ावा दें। इससे पर्यावरण और उपयोग पर नकारात्मक प्रभाव कम हो जाता है। जैविक खेती के तरीकों को प्रोत्साहित करें जो प्राकृतिक रूप से मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाते हैं और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता को कम करते हैं। इससे जैव विविधता और मृदा स्वास्थ्य को लाभ हो सकता है।

पोषक तत्व–कुशल और पर्यावरण के अनुकूल उर्वरकों के उपयोग को बनाने और प्रोत्साहित करने के लिए अनुसंधान और विकास निवेश करें। पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव को कम करने वाले विकल्पों की जांच करना इसका हिस्सा है।

# नया साल मनायें लेकिन सावधानी से : बेटे बेटियों को समझाकर भेजें

**रमेश शर्मा**

नया साल आने वाला है ।पूरा देश उत्सव मनायेगा ।महानगरों में सभी बार, होटल रेस्टोरेंट बुक हो चुके हैं ।पहाड़ों पर जाने के लिये भी कतारें लग गईं हैं ।उत्सव मनाएँ लेकिन सावधानी बरतें ।पिछले साल अकेली दिल्ली में हत्या, बलात्कार आदि के 19 बड़े अपराध घटे थे । कांजीवली में तो एक बेटी को 14 किलोमीटर तक घसीटा था।

वर्ष 2023 का समापन की घड़ी आ गई और 2024 की झलक दिखने लगी । दुनियाँ के साथ भारत में भी नववर्ष के स्वागत की तैयारी हो रही है ।चारों ओर ये नजारे दिख रहे हैं। मीडिया में नववर्ष तैयारी की खबरें आने लगीं। तैयारी होटल, बार रेस्टोरेंट आदि में बहुत अधिक है ।अंग्रेज ठंडे देश के रहने वाले थे ।वे क्रिसमस की इन छुट्टियों में मंसूरी नैनीताल आदि ठंडे पहाड़ों पर जाया करते थे ।अंग्रेज भले चले गये पर इन छुट्टियों में पहाड़ों पर जाने की परंपरा छोड़ गये । पहाड़ों के सारे होटल बुक हो चुके हैं रास्ते में पाँच–पाँच किलोमीटर के जाम लग गये है ।संभावना है कि सैकड़ों परिवारों का नया साल रोड जाम में मनेगा ।और हजारों लाखों लोग अपने ही नगर के होटलों में नया साल मनाने की तैयारी कर रहे हैं।महानगरों में होटल की बुकिंग ही नहीं कमरों की बुकिंग भी हो गई है । अब यह प्रश्न तो पीछे छूट गया है कि भारतीय परंपरा में नया साल कब आता है और उसे कैसे मनाते हैं। हमारी शासन व्यवस्था ही नहीं हमारा समाज जीवन भी इस परंपरा में ढल गया है जिसमें नया साल एक जनवरी से आरंभ होता है । इसी की तिथियों के अनुरूप सभी कार्य निर्धारित होते हैं। बाकी सब तो दूर अब तो जन्म पत्रिकाएँ भी इस अंग्रेजी वर्ष के दिनांक से बनती हैं। कुण्डली दिखाने के लिये भी अंग्रेजी दिनांक दी जाती है ।अब पूरा देश इस अंग्रेजी नववर्ष का स्वागत करने आतुर है । इस नये साल की शुरूआत प्रातःकालीन सूर्योदय से नहीं होती ।आधी रात से होती है ।नये साल का उत्सव भी आधी रात को मनाया जाता है ।उत्सव में दो बातें विशेष होतीं हैं।एक तो यह उत्सव बिना शराब पार्टी के पूरा नहीं होता और दूसरा अधिकांश आयोजनों में स्त्रियों के साथ पुरुष और पुरुषों के साथ स्त्रियाँ अवश्य होतीं हैं । नववर्ष उत्सव में शराब के साथ स्त्री पुरुष साथ हों तो रौनक बढ़ती है, उमंग बढ़ती है ।

# निर्माण कार्यों में प्रगति न होने पर ठेकेदारों पर करें कार्यवाहीः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने नगर पालिका, नगर पंचायत व डूडा के तहत कराये निर्माण कार्यों की समीक्षा में राज्यवित्त, 15वां वित, पंचम वित्त आयोग, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिस प्रमाण पत्र, अमृत सरोवर, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, वॉल पेंटिंग, एसडब्ल्यूएम, अपशिष्ट प्रबंधन, हाउस टैक्स, पॉलिथीन, अंत्येष्टि स्थल, दीनदयाल योजना, प्रकाश व्यवस्था, नगर सृजन योजना, सड़क व नाली निर्माण, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, जल निकासी, पेयजल आपूर्ति, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा की।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेªट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो निर्माण कार्य हो रहे हैं, शासन की मंशानुसार गुणवत्ता से करायें। जो कार्य पूर्ण हो गए हैं, धनराशि का भुगतान करें, ताकि वित्तीय प्रगति हो सके। नए निर्माण में टेंडर प्रक्रिया कराकर कार्य शुरू करायें। ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए कि शहर का कूड़ा प्रत्येक दशा में 15 जनवरी तक कूडा घरों में ही डाला जाये। पॉलीथिन पर जुर्माना लगायें। ईओ नगर पंचायत मानिकपुर को निर्देश दिये कि जिन निर्माण कार्यों में प्रगति नहीं हो रही, प्रगति करायें। प्रगति न होने पर ठेकेदार पर कार्यवाही करें। ईओ नगर पंचायत राजापुर को निर्देश



बैठक में निर्देश देते डीएम।

दिये कि जलापूर्ति के कार्य करायें। समय से कार्य न होने पर जिम्मेदारी तय करते हुए पेयजल आपूर्ति के कार्य जल निगम व जल संस्थान को दे दिये जायेंगे। ईओ नगर पंचायत मऊ को निर्देश दिये कि बने कूड़ा घरों में चहारदीवारी कार्य में प्रगति करायें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नगर निकाय आय के स्रोतों को बढ़ायें। अगली बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया जाये। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी स्वच्छ शौचालय का संचालन सही ढंग से हो। जो शौचालय मरम्मत लायक है, उन्हें ठीक कराकर चलाया जाये। ईओ नगर पालिका से कहा कि यूपीटी तिराहा, खोही तिराहा पर शौचालय बनवायें। बेड़ीपुलिया के स्वच्छ शौचालय की मरम्मत करायें। जिला सामान्य स्वच्छ भारत मिशन को निर्देश दिये कि कम्पोस्ट प्लांट की व्यवस्था करायी जाये। शासन से पत्राचार करें। जिलाधिकारी ने ईओ को निर्देश दिए कि कान्हा गौशाला व अस्थाई गौशालाओं को सही ढंग से संचालित करें। ठंड को देखते हुए तिरपाल, बोरा, अलाव की व्यवस्था करें। प्रतिदिन गौवंशों के खान-पान का निरीक्षण करें। डूडा के तहत वेंडर व फैमिली प्रोफाइलिंग के कार्यों को समय से कराकर सभी अधिशासी अधिकारी उपभोग प्रमाण पत्र भेजें। प्रधानमंत्री आवास शहरी के लाभार्थियों का सत्यापन कराकर सूची डूड़ा को दें। परियोजना अधिकारी डूडा से कहा कि जिन आवासों के लाभार्थियों को द्वितीय व तृतीय किस्त देनी है, लाभार्थियों का जिओ टैग कराकर धनराशि दी जाए।बैठक में एडीएम वंदिता श्रीवास्तव, एएसडीएम पंकज वर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, एक्सईएन जल संस्थान डीके सतसंगी, ईओ कर्वी लालजी यादव, राजापुर बीएन कुशवाहा, मानिकपुर भारत सिंह, मऊ बीके त्रिपाठी, जिला समन्वयक डूडा संतोष कुमार, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार आदि मौजूद रहे।



उपवास करते आप कार्यकर्ता।

## संजय की गिरफ्तारी के विरोध में किया उपवास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर जिला मुख्यालय के शहीद स्मारक पर शहीद स्तम्भ प पुष्प अर्पित कर भारत माता के बैनर तले एक दिवसीय उपवास किया।

शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने कहा कि देश में मोदी सरकार की बढ़ती तानाशाही से सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी हुई है। इसे लेकर जिला मुख्यालय के शहीद स्मारक पर भारत माता के बैनर तले आप कार्यकर्ताओं के साथ एक दिवसीय उपवास किया। उन्होंने कहा कि सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी लोकतंत्र के मुंह पर तमाचा है। मोदी सरकार के खिलाफ जो भी बोलता है, उसे जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया जाता है या फिर ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स के अफसरों को लगा दिया जाता है।

इस मौके पर जिला प्रभारी नरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला सचिव लवलेश केसरवानी, ब्लाक अध्यक्ष कर्वी अभिषेक पटेल, जिलाध्यक्ष श्रम प्रकोष्ठ नर्वदा प्रसाद यादव, जिला मीडिया प्रभारी डॉ रमाकांत गुप्ता समेत योगेन्द्र रैकवार, श्याम बाबू त्रिपाठी, जितेन्द्र गोयल, संतोष कुमार भारद्वाज, चन्दभाल पाण्डेय, धनराज सिंह, राजबहादुर साहू, शिवप्रकाश सिंह, आलोक कुमार, दिलीप सिंह पटेल, बच्चा राम बौद्ध, प्रेमचन्द्र पटेल आदि मौजूद रहे।

## चुप्पी तोडो-खुलकर बोलो- रोका जा सके उत्पीडन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर नोडल अधिकारी/सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थाना मारकुण्डी के एसपीसी पुलिस अधिकारी/दरोगा इन्दल सिंह ने राजकीय हाईस्कूल इटवा डुडैला में स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट्स के छात्रों को सहनशीलता के गुण व प्रकार तथा आवश्यकता और समाज में सहनशीलता की भूमिका विषय बाबत छात्रों को विस्तार से पढ़ाया।

शुक्रवार को स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट की छात्राओं को सुरक्षा व सहायता को महिला व बाल अपराध की बाबत प्रशिक्षित कर जागरूक किया। शासन से जारी हेल्पलाइन



एसपीसी के छात्रों को पाठ पढाते दरोगा।

नम्बरों की जानकारी दी। थानों में महिला हेल्पडेस्क के बारे में बताया। शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट बांटे। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को बताया कि उनके साथ हो रहे उत्पीड़न बाबत पुलिस से चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो, ताकि हो रहे उत्पीड़न को रोका जा सके। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को गुड-टच, बैड-टच बाबत जानकारी दी। बताया कि अक्सर छोटे-छोटे बच्चों को जानने वाले ही बैड-टच करते हैं। समझ नहीं पाते, इस बाबत खुलकर बतायें। घर पर छोटे भाई/बहन को भी गुड-टच, बैड-टच की बाबत बतायें।

## नामावलियों का प्रकाशन 22 जनवरी को होगा

**अखंड भारत संदेश**

चित्रकूट। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वन्दिता श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एक जनवरी 2024 में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अनुसार दावे व आपत्तियों का निस्तारण 26 दिसम्बर से बढ़ाकर 12 जनवरी करते हुए नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन पांच जनवरी की बजाय 22 जनवरी को किये जाने के निर्देश हैं।

## व्यापारी हितों की लडाई में आगे रहा है संगठनः शानू

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन मऊ में व्यापारियों की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता का व्यापारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

शुक्रवार को मऊ के सोना लाई मिल में हुई बैठक मऊ अध्यक्ष शारदा अग्रहरि, महामंत्री राजा केसरवानी, संगठन मंत्री राजीव शुक्ला ने अतिथियों व पदाधिकारियों का स्वागत कर कहा कि सात जनवरी को दो दिवसीय श्रीजी भवन में होने वाले प्रान्तीय व्यापारी सम्मेलन में मऊ बाजार से व्यापारी बढ-चढकर हिस्सा लेंगे। पूरी बाजार को बुलाया



शानू का स्वागत करते व्यापारी।

जायेगा। बैठक में व्यापारियों ने संगठन की एकजुटता व साप्ताहिक बंदी तथा अन्य मामलों पर चर्चा की। व्यापारी नेता/राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों के हितों की लड़ाई व समस्या निदान को संगठन कार्य कर रहा है। सात जनवरी को दो दिवसीय प्रान्तीय व्यापारी सम्मेलन में देश-प्रदेश से व्यापारी प्रतिनिधियों, उद्यमियों व उद्योगपतियों की मौजूदगी में सम्मेलन होगा। चित्रकूट धाम के सभी पदाधिकारी आयोजक हैं। चित्रकूट धाम में पर्यटन उद्योग, व्यापार, रोजगार, व्यापारिक समस्याओं पर मंथन होगा। मऊ के व्यापारियों ने व्यापारी नेता शानू गुप्ता का अहिरा मोड़ में स्वागत किया। इस मौके पर ओम प्रकाश मिश्रा, बालाजी, राजेंद्र सिंह पटेल, विनोद आर्य, सुनील जायसवाल, अमित गुप्ता, सोमनाथ केसरवानी, राजा अग्रहरि, वीरेंद्र अग्रहरि, अंगद सिंह, अतुल केसरवानी, प्रकुल कुमार अग्रहरी, बृजमोहन अग्रहरि, जीतू सिंह, राधेश्याम, राजकुमार, सुनील केसरवानी, आकाश मिश्रा, रामबाबू केसरवानी, कैलाश श्रीवास्तव, शिवपूजन मौर्य, जितेंद्र कुमार गुप्ता, जेके आदि मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा में एक लाख 54 हजार का किया ई-चालान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दूसरे चरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ यातायात राज कमल की देखरेख में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह ने शहर के लोढवारा व बेडीपुलिया चैराहे पर वाहनों की जांच की।

शुक्रवार को यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने लोढवारा व बेडीपुलिया चैराहे पर वाहनों की जांच में दोपहिया, चारपहिया वाहनों में बिना हेलमेट, तीन



वाहनों की जांच करते यातायात प्रभारी।

सवारी व नाबालिगों के वाहन चलाने, चारपहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट लगाये चालकों, गलत नम्बर प्लेट, ब्लैक फिल्म, गाडियों में हूटर आदि की जांच की। 109 वाहनों से एक लाख 54 हजार रुपये का ई-चालान किया।

उन्होंने वाहन चालकों को चेताया कि यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन व ईयरफोन का प्रयोग न करें। ऐसा करते पाये जाने पर चालान व जुर्माना दोनों हो सकता है।

इसी क्रम में एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ला ने सडक सुरक्षा पखवाडे के दूसरे चरण में यात्रीकर मालकर अधिकारी डॉ संतोष कुमार तिवारी के साथ वाहन चालकों की जांचकर वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग न करने व एचएसआरपी न लगे वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन की कार्यवाही की। वाहन चालकों व आम जनता को सडक सुरक्षा के नियमों के प्रति जानकारी देते हुए पालन करने को प्रेरित किया।

## अवैध प्लाटिंग पर गरजा प्राधिकरण का बुलडोजर, चहारदीवारी ढहाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गैरकानूनी ढंग से जिला मुख्यालय के भंभई गांव में घुसते ही हो रही अवैध प्लाटिंग पर जिला प्रशासन का बुलडोजर गरजा। प्लाटों के विभाजन को बनाये पिलर व चहारदीवारी को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया।

शुक्रवार को तीर्थक्षेत्र में पर्यटन विकास के मद्देनजर तमाम लोग प्लाटिंग के कारोबार में जुटे हैं। किसानों से अनुबंध कर बिना नक्शा पास कराये प्लाटिंग कर आवासों को बेंचे जाने में करोड़ों की राजस्व क्षति हो रही है। कई



अवैध प्लाटिंग पर गरजता बुलडोजर।

बार सीधे-सादे लोग अवैध प्लाटिंग के फेर में पडकर जीवनभर की कमाई गवां देते हैं। भवन निर्माण कराते समय उन्हें दिक्कतों से दो-चार होना पडता है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पिछले एक साल में अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ अभियान छेडा है। शुक्रवार को चित्रकूट विशेष क्षेत्र प्राधिकरण की टीम ने पुलिस बल के साथ भंभई गांव में सूर्य प्रकाश अग्रहरि व आशीष मिश्रा की बिना मानचित्र मंजूर कराये अवैध भूखण्डों/प्लाटों पर बुलडोजर चला दिया। भूखण्डों/प्लाटों के विभाजन को बनाये आरसीसी पिलर व चहारदीवारी ध्वस्त कर दिया। बताया गया कि प्लाटिंग करने वालों ने आवासीय भूखण्डों को बेचने को बडे पैमाने पर प्रचार कराया था। तमाम लोगों ने प्लाट लेने को रुपये भी दे दिये थे।

अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलने से ऐसे लोगों में हडकम्प मच गया है। विकास प्राधिकरण की सचिव अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि अवैध ढंग से प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# चिन्हित ब्लैक स्पाट को विश्वकर्मा ऐप पर करें फीडः डीएम

### डीएम ने सडक सुरक्षा बाबत की गम्भीर समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में प्रमुख चैराहों, मार्गों पर सिग्नल व्यवस्था, जेब्रा क्रॉसिंग, फुटपाथ चिन्हांकन, हेलमेट, सीटबेल्ट, मोबाइल फोन, रांग साइड ड्राइविंग, ओवर स्पीडिंग, ओवरलोडिंग, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के विरुद्ध कार्यवाही, ब्लैक स्पॉट सुदृढीकरण, सड़कों पर लेन व्यवस्था निर्धारण, सड़क हादसों का तुलनात्मक विवरण एवं लक्ष्य के सापेक्ष मृतकों व घायलों की तादाद हादसों के कारण में कमी लाने को विचार विमर्श कर सड़क सुरक्षा पखवाड़े की समीक्षा की।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेªट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्रनाथ से कहा कि जहां अधिक सड़क हादसे हो रहे हैं, वहां परिवहन विभाग की ओर से साइनिंग बोर्ड लगाये जायें। चिन्हित ब्लैक स्पॉट में सुरक्षात्मक बोर्ड रंबल स्टेप की व्यवस्था करें। सीओ यातायात से कहा कि जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण करें। एनएच बांदा के अधिकारियों से कहा कि मऊ व भौंरी की सड़क पर प्रकाश व्यवस्था ठीक करायें। काली घाटी मानिकपुर में स्पीड ब्रेकर बनायें। अलग मार्ग निर्माण को शासन को प्रस्ताव भेजा जाये। एनएच बांदा व प्रयागराज के अधिकारियों से कहा कि रोड सुरक्षा में शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजें, ताकि धनराशि मिलते ही ब्लैक स्पॉटों पर कार्य हो सके। एआरटीओ से कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट को विश्वकर्मा ऐप पर फीड होना चाहिए। शासन से निर्देश है कि जिन वाहन चालकों के तीन चालान होते हैं, उनके ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किये जायें। एआरटीओ व यातायात पुलिस



बैठक में निर्देश देते डीएम।

अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करे। जो लाइसेंस निरस्त किये जायें, उनका प्रचार-प्रसार भी करें।

जिलाधिकारी ने सीओ यातायात व एआरटीओ को निर्देश दिये कि सड़कों किनारे ट्रक-बस खड़े रहते हैं, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करें। ईओ नगर पालिका से कहा कि प्राइवेट बस, जीप-टैम्पो स्टैंड को जगह चिन्हित करें। इस बाबत एआरटीओ व यूनियन के लोगों से वार्ता करें। सीओ यातायात से कहा कि मोहरवां पुल से भारी वाहन राजापुर व पहाड़ी की ओर आने-जाने न पायें। पहाड़ी व राजापुर पुलिस को निर्देश दें। 15 से 31 दिसंबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा बाबत समीक्षा में जिला विद्यालय निरीक्षक व एआरटीओ ने बताया कि विभिन्न डिग्री कॉलेजों व इंटर कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता बाबत कार्यक्रम हुए हैं। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि जिन कॉलेज व विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब का गठन नहीं हुआ, वहां रोड सेफ्टी क्लब गठित करायें। पुलिस क्षेत्राधिकारी से कहा कि भरतकूप से क्रशर उद्योगों के चल रहे ट्रक के आगे-पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगवायें। सीओ यातायात व एआरटीओ, थाना भरतकूप में ट्रक संचालकों के साथ बैठक करायें। बैठक में सीओ सिटी हर्ष पांडेय, सीओ यातायात राजकमल, एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्रनाथ, एआरटीओ विवेक शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, डीएसओ आनंद कुमार सिंह, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, यातायात निरीक्षक शैलेंद्र सिंह अदि अधिकारी व विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक/प्रधानाचार्य तथा बस, ट्रक, टैक्सी एसोसिएशन के अध्यक्ष मौजूद रहे।

## समग्र शिक्षा में तय हो जवाबदेही

**चित्रकूट।** प्रजायत्न संस्था के सहयोगी पार्टनर सीबीएम संस्था ने शिक्षा विभाग के निपुण लक्ष्य तक पहुंचने के प्रयासों बाबत चर्चा की। सामूहिक स्वामित्व से सार्वभौमिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा पर खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय रमेशचंद्र पटेल व एसआरजी गीत श्रीवास्तव ने सेमिनार में दीप जलाकर शुभारम्भ किया। शुक्रवार को सेमिनार में शिक्षक सशक्तिकरण, समावेशी शिक्षा, सामुदायिक सहभागिता पर चर्चा हुई। सेमिनार में खंड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी, ग्रामोदय विश्वविद्यालय से डॉ अजय चैरे, एसआरजी गीत श्रीवास्तव, पहाड़ी व चित्रकूट विकास खंड के शिक्षक, प्रजायत्न से मेरी, रामबाबू, अमित, सूर्यकांत, अनिल, शिखा, अनुज, विजय, नीलू, प्रेमचंद्र ने हिस्सा लिया। विशेष अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार की मौजूदगी में कपसेठी व अशोह के अलग-अलग विद्यालयों के शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया। समग्र शिक्षा में समितियों व समुदाय की भागीदारी होना व विभाग की स्वीकारता तथा जवाबदेही को सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। प्रधानाध्यापक अनिल अनिवार्य ने प्रभावी कराने व समुदाय सहयोग दिलाने में प्रजायत्न के प्रयास की सराहना की। संकुल मासिक बैठक में मासिक अवधारणा में शिक्षक सशक्तिकरण हो रहा है। जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता सेशन में अत्रि प्रकाश त्रिपाठी, एआरपी शिवप्रेम याज्ञिक की भागीदारी रही। सेमिनार में दिव्यांग बच्चों के अभिभावक, प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सदस्य मौजूद रहे।

## प्रयागराज ने सीधी को हरा पांच विकेट से जीता मैच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर सुभाष चैलेंज कप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट का ग्रुप बी का दूसरा लीग मैच सीधी व प्रयागराज के बीच खेला गया। सीधी ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का निर्णय लिया। सीधी टीम ने बल्लेबाजी कर 110 रन बनाकर आल आउट हो गई। प्रयागराज को 111 रन का लक्ष्य दिया। शुक्रवार को सीधी से अर्पित ने 22 गेंद में 21 रन, अमरजीत ने 23 गेंद में 20 रन बनाये। प्रयागराज से विराट ने नौ रन देकर चार विकेट व कुलदीप ने 28 रन देकर दो विकेट लिये। लक्ष्य पाने को प्रयागराज टीम ने 13.4 ओवर में लक्ष्य पाकर पांच विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। प्रयागराज से रावेंद्र ने 27 रन व विराट ने 19 रन की पारी खेली। मैन आफ द मैच विराट को मिला। सीधी से अनुराग ने 40 रन व एक विकेट, राहुल ने 24 रन तीन विकेट लिये। प्रयागराज ने मुकाबले को पांच विकेट से जीत लिया। मैच के अतिथि चैकी प्रभारी जिला अस्पताल मुन्नीलाल रहे। अंपायर विजय भारद्वाज, प्रेम नारायण, स्कोरर सौरभ नाहर, शमसुद्दीन खान, राकेश मिश्रा, इरफान खान, लोकेश सिंह, कमलेश परिहार, रामचंद्र कुरील, लल्लू रैकवार, आनंद, ऋषि यादव, करन पटेल, रानू, हिमांशु नाहर, अनुराग आदि मौजूद रहे।

# कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज ने मां का नेत्रदान करा दी नई प्रेरणा, जिले में हुआ पहला नेत्रदान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में बांदा-चित्रकूट के कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने सराहनीय पहल की है। ये पहल सबके लिए सबक है। लोग रक्तदान कर दूसरों को जिंदगी देते है, ये बात अब आम हो गई है। कोई अंग दान कर किसी को नई जिंदगी दे, इससे बड़ा परोपकार कोई नहीं हो सकता। ऐसा ही मामला बांदा-चित्रकूट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज



डॉक्टरों से नेत्रदान का प्रमाण पत्र लेते पंकज अग्रवाल।

अग्रवाल ने गुरुवार को अपनी मां शान्ती देवी के निधन बाद नेत्रदान का महादान कर नई पहल कर समाज को जगाने का काम किया। उन्होंने कहा कि उनकी मां स्वाभाव से ही परोपकारी थी। दान-पुण्य में आगे रहती थी। उनके परिवार की इच्छा थी कि वे मां को तो जिंदा नहीं कर सकते, नेत्रदान कर उनकी आंखों को जिंदा रख सकते हैं। मां की आंखों से दो परिवार दुनिया को देख सकते हैं, इससे बड़ा पुण्य क्या होगा। उनकी मृत्यु बाद सदगुरू नेत्र चिकित्सालय को सूचना दी कि मां का नेत्रदान कराना है। सूचना मिलते ही चिकित्सीय टीम घर आई, नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की। सदगुरू नेत्र चिकित्सालय टीम ने बताया कि नेत्रदान से दो लोगों को नई रोशनी मिलेगी। जिले में ये पहला वाक्या है कि किसी ने मरणोपरांत नेत्रदान कराया है।

पंकज अग्रवाल व परिवार की सराहनीय पहल ने मानवता भरा संदेश दिया है। इस पुनीत कार्य से जिलेवासी खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। सदगुरू नेत्र ज्योति परिवार में पहला नेत्रदान हुआ है।

## कनाडा: सरे में मंदिर के पुजारी के बेटे के घर 14 राउंड फायरिंग, इसी शहर में हुई थी निज्जर की हत्या

**ओटावा।** कनाडा के सरे में अज्ञात हमलावरों ने एक हिंदू मंदिर के अध्यक्ष के बेटे के आवास पर 14 राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दी। सरे रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) की तरफ से हमले की पुष्टि करते हुए बताया गया है कि लक्ष्मी नारायण मंदिर के अध्यक्ष सतीश कुमार के बेटे के आवास पर यह फायरिंग की गई। घटना 27 दिसंबर को सुबह 8 बजे की है। इसे लेकर जांच एजेंसी ने लोगों से पूछताछ की है और सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई है।

उल्लेखनीय है कि सरे में पहले भी हिंदू समुदाय और हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा चुका है। खालिस्तानी चरमपंथियों के गढ़ सरे शहर के एक गुरुद्वारे के समीप अज्ञात हमलावरों ने आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी थी।

## टेक्सास में सड़क दुर्घटना में भारतीय मूल के एक परिवार के छह सदस्यों की मौत

**न्यूयॉर्क।** टेक्सास में भारतीय मूल के एक परिवार के छह सदस्यों की मौत सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उनकी मिनीवैन को एक किशोर द्वारा चलाए जा रहे पिकअप ट्रक ने टक्कर मार दी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, टेक्सास डिपॉर्टमेंट ऑफ पब्लिक सेफ्टी (डीपीएस) ने कहा कि बुधवार को हुई दुर्घटना में मिनी वैन में सवार एक व्यक्ति और ट्रक चालक और उसका साथी बच गए।

डीपीएस ने मिनी वैन के चालक की पहचान इरविंग, टेक्सास के 28 वर्षीय रुशिल बैरी के रूप में की, जबकि उसके साथ यात्रा करने वाले अन्य लोग अल्फारेटा, जॉर्जिया से आए थे।

डीपीएस के अनुसार, मारे गए अन्य लोगों में नवीना पोटाबाथुला, 36, नागेश्वरराव पोन्नाडा, 64, सीतामहालक्ष्मी पोन्नाडा, 60, कृतिक पोटाबाथुला, 10, निशिधा पोटाबाथुला, 9 शामिल हैं।

डीपीएस ने बताया कि हादसे में घायल 43 वर्षीय लोकेश पोटाबाथुला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

फॉक्स4 की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रक के ड्राइवर और उसमें सवार दूसरे किशोर को गंभीर चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पुलिस उनसे पूछताछ नहीं कर पाई है।

डलास में फॉक्स4 टीवी ने डीपीएस सार्जेंट विलियम लॉक्रिज के हवाले से कहा, "यह नो पासिंग जोन था।"

उन्होंने कहा, "हम नहीं जानते कि किस कारण से वाहन उत्तर की ओर जाने वाली लेन में चला गया।"

फॉक्स4 के मुताबिक, मारे गए लोगों में लोकेश पोटाबाथुला की पत्नी और बच्चे, सास-ससुर और चचेरा भाई बैरी शामिल हैं।

तेलुगु एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका के अशोक कोल्ला ने बताया, "शवों को भारत भेजने की तैयारी की जा रही है।"

राकेश बैरी ने डलास में एबीसी8 टीवी को बताया कि उनके भाई रुशिल ने टेक्सास के ग्लेन रोज में फॉसिल रिम वाइल्डलाइफ सफारी पार्क में अपने रिश्तेदारों के साथ दिन बिताया था और वे अपने घर जा रहे थे। पोन्नादास भारत से यात्रा पर आए थे।

राकेश बर्री ने थाने में बताया कि उसकी मां उसके भाई की मौत से उबर नहीं पा रही है।

## इजरायल ने सीमा पर लड़ाई को लेकर हिजबुल्लाह, लेबनान को चेतावनी दी



**लंदन।** इजरायल के एक मंत्री ने चेतावनी दी है कि अगर हिजबुल्लाह के हमले जारी रहे तो इजरायल की सेना लेबनान की सीमा से हिजबुल्लाह को हटाने के लिए कार्रवाई करेगी।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, बिना विभाग के मंत्री और इजरायल के आपातकालीन युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज ने कहा कि अगर आतंकवादी उत्तरी इजरायल पर फायरिंग बंद नहीं करते हैं तो सेना हस्तक्षेप करेगी। कूटनीतिक समाधान का समय खत्म होता जा रहा है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस बीच इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के प्रमुख ने कहा कि सैनिक उत्तर में और अधिक लड़ाई के लिए तैयार है।

स्थिति का मूल्यांकन करने के बाद जनरल स्टाफ के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हजी हलेवी ने कहा, "हमारा पहला काम उत्तर में निवासियों के लिए सुरक्षा और सुरक्षा की भावना को बहाल करना है और इसमें समय लगेगा।"

7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हमलों के बाद से सीमा पार से फायरिंग बढ़ रही है। इससे यह चिंता पैदा हो गई है कि गाजा में संघर्ष पूरे क्षेत्र में व्यापक हो सकता है। बेनी गैंट्ज ने बुधवार रात पत्रकारों से कहा, "इजरायल की उत्तरी सीमा पर स्थिति बदलाव की मांग कर रही है।"

उन्होंने कहा, "कूटनीतिक समाधान के लिए स्टॉपवॉच खत्म हो रहा है। यदि दुनिया और लेबनानी सरकार इजरायल के उत्तरी निवासियों पर फायरिंग को रोकने और हिजबुल्लाह को सीमा से दूर करने के लिए कार्रवाई नहीं करती है, तो आईडीएफ यह करेगा।"

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शिया मुस्लिम संगठन हिजबुल्लाह को पश्चिमी देशों, इजरायल, खाड़ी अरब देशों और अरब लीग द्वारा आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान द्वारा वित्त पोषित, यह दुनिया में सबसे भारी हथियारों से लैस, गैर-देश सैन्य बलों में से एक है। 2006 में, हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच एक पूर्ण युद्ध छिड़ गया था, जब इज़राइली सैनिकों ने दक्षिणी लेबनान पर हमला करते हुए एक घातक सीमा पार हमला किया था।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# पशुपतिनाथ मंदिर ट्रस्ट में ईसाई महिला की नियुक्ति पर संसदीय समिति की आपत्ति



**काठमांडू।** हिन्दू आस्था का केन्द्र पशुपतिनाथ मंदिर ट्रस्ट में ईसाई महिला की नियुक्ति को लेकर नेपाल की संसदीय समिति ने विरोध जताया है। ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक के पद पर हुई ताजा नियुक्ति को लेकर देशभर में बवाल मचा है।

हाल ही में संस्कृति तथा पर्यटन मंत्री की तरफ से पशुपति क्षेत्र विकास कोष के कार्यकारी निदेशक के पद पर लक्ष्मी पुन नाम की एक महिला की नियुक्ति का निर्णय किया गया। माओवादी पार्टी की सक्रिय कार्यकर्ता तथा पार्टी सदस्य रही पुन की नियुक्ति को लेकर पहले योग्यता पर प्रश्न उठाया गया। स्थानीय मीडिया में लक्ष्मी पुन के ईसाई होने का जब दावा किया गया तो मामला संसदीय समिति तक पहुंचा।

ईसाइयत को नहीं मानने वाले को देशद्रोही बताने वाले संस्कृति मंत्री सुदन किरांती अभी उस विवाद से निकल भी नहीं पाए थे कि पशुपतिनाथ ट्रस्ट में ईसाई महिला की नियुक्ति को लेकर फिर विवादों में घिर गए हैं। पर्यटन संबंधी संसदीय समिति की बैठक में सांसदों ने हिन्दुओं के आस्था का केन्द्र पशुपतिनाथ मंदिर ट्रस्ट में ईसाई महिला की नियुक्ति का न सिर्फ विरोध किया बल्कि उनकी नियुक्ति से संबंधित सभी कागजात तीन दिनों के भीतर संसदीय समिति में पेश करने का निर्देश भी दिया है। संसदीय समिति की बैठक के बाद समिति के सभापति राजकिशोर यादव की तरफ से जारी निर्देश में तीन दिनों के भीतर लक्ष्मी पुन की नियुक्ति से संबंधी सभी दस्तावेज जमा करने को कहा गया है। समिति के सदस्य रहे राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के सांसद डॉ. धवल शमशेर राणा ने कहा कि जिस मकान में लक्ष्मी पुन रहती हैं, उसी मकान मालिक ने उन पर ईसाई होने और नियमित रूप से चर्च जाकर प्रार्थना करने का प्रमाण स्थानीय मीडिया को उपलब्ध कराया है। सांसद राणा ने कहा कि यदि यह सच है तो लक्ष्मी पुन की ट्रस्ट में नियुक्ति, करोड़ों हिन्दुओं की धार्मिक भावना पर कुठाराघात है।

नेपाल के संस्कृति मंत्री पर ईसाइयत को बढ़ावा देने और पशुपतिनाथ ट्रस्ट से लेकर लुम्बिनी ट्रस्ट तक में ईसाइयों की घुसपैठ कराने का आरोप लगता रहा है।

# ट्रम्प को दोबारा झटका, कोलोराडो के बाद अमेरिकी राज्य मेन ने भी राष्ट्रपति चुनाव के लिए अयोग्य ठहराया



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उम्मीदों को फिर बड़ा झटका लगा है। दोबारा राष्ट्रपति बनने का सपना देख रहे ट्रम्प को लेकर अमेरिकी राज्य मेन की शीर्ष चुनाव अधिकारी ने फैसला सुनाया है कि वे 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में शामिल नहीं हो सकते।

मेन राज्य की सेक्रेटरी ऑफ स्टेट शेना ली बेलोज ने 2021 के कैपिटल हिल दंगे में ट्रम्प की भूमिका को लेकर यह फैसला सुनाया है। बेलोज ने 34 पन्नों के फैसले में लिखा है कि अमेरिकी संविधान हमारी सरकार की नींव पर हमले को बर्दाश्त नहीं करता। निष्कर्ष निकाला गया है कि ट्रम्प ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में झूठे दावे के जरिये विद्रोह को उकसाया और अपने समर्थकों से यूएस कैपिटल पर मार्च का आह्वान किया। इस फैसले के बाद रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के लिए ट्रम्प अमेरिकी राज्य मेन में होने वाले प्राइमरी चुनाव में भाग नहीं ले सकते। मेन दूसरा राज्य है जिसने ट्रम्प को चुनाव में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित किया है। इससे पहले अमेरिका के एक अन्य राज्य कोलोराडो भी ऐसा आदेश दे चुका है। कोलोराडो की शीर्ष अदालत ने 19 दिसंबर को ट्रम्प को राज्य के प्राथमिक मतदान से अयोग्य घोषित किया था। इस फैसले के खिलाफ ट्रम्प ने अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर उन्हें अयोग्य करार दिए जाने को अलोकतांत्रिक बताया।

# इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या 21,320 तक पहुंची



**गाजा।** गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 7 अक्टूबर को इजरायल और हमास के बीच शत्रुता शुरू होने के बाद से गाजा पर इजरायल के हमलों में 21,320 फिलिस्तीनियों की मौतों हो चुकी है, जबकि 55,603 घायल हुए हैं।

हमास ने 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक एक सप्ताह के अस्थायी संघर्ष विराम के दौरान 105 बंधकों को रिहा किया था जबकि 129 बंधक अभी भी हमास की कैद में हैं।

इजरायलियों का मानना है कि बाकी 129 बंधकों में से कम से कम 20 की मौत हो चुकी है।

इजरायली जेलों में हजारों फिलिस्तीनी हैं जिन्हें बिना किसी मुकदमे और कानूनी सलाह के रखा गया है।

फिलिस्तीनी प्रिजनर्स क्लब ने कहा है कि इजरायली बलों ने 7 अक्टूबर से कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 4,655 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर एक अप्रत्याशित हमला करने के बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई शुरू की है। इजरायली सेना ने 27 अक्टूबर को गाजा के अंदर जमीनी आक्रमण शुरू किया।

## भारत ने यूएनआरडब्ल्यूए को दी फलस्तीनी शरणार्थियों के कल्याण के लिए 25 लाख डॉलर की दूसरी किस्त

**यरूशलम।** गाजा में जारी संघर्ष के बीच भारत ने बृस्पतिवार को ह्यफलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की राहत और कार्य एजेंसीह्ल (यूएनआरडब्ल्यूए) को 25 लाख डॉलर की दूसरी किस्त जारी कर दी। भारत ने इस तरह 2023-24 के लिए 50 लाख डॉलर की अपनी वार्षिक प्रतिबद्धता को पूरा कर लिया है।

वर्ष 1950 से कार्यरत यूएनआरडब्ल्यूए पंजीकृत फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए प्रत्यक्ष राहत कार्य करता है। ज्ञात रहे कि संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर फलस्तीनी शरणार्थियों के कल्याण व सुरक्षा के लिए धन व मदद पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के निकट सहयोगी व पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को पुलिस रिमांड पर देने के बजाय रावलपिंडी कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने नौ मई की हिंसा से जुड़े नए मामलों में कोर्ट से कुरैशी का 30 दिन का रिमांड मांगा था जिसे अदालत ने खारिज कर दिया।

वहीं, हाई कोर्ट ने साइफर मामले में इमरान खान और कुरैशी के खिलाफ विशेष अदालत में सुनवाई पर 11 जनवरी तक रोक लगा दी है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के वाइस चेयरमैन शाह महमूद कुरैशी को बुधवार को साइफर मामले में अदियाला जेल से रिहा होते ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

वीडियो में दिखा कि पुलिस उन्हें घसीटते हुए ले गई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कुरैशी को गुरुवार को रावलपिंडी में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सैयद जहांगीर अली की अदालत में पेश किया गया। कुरैशी ने कोर्ट में दावा किया कि उन्हें बीती रात कड़ाके की ठंड में रखा गया और सोने नहीं दिया गया।

उन्होंने कहा कि मेरा शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया गया। दूसरी ओर, इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने गुरुवार को गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी के खिलाफ विशेष अदालत में चल रहे मुकदमे को 11 जनवरी तक रोक दी है।

## अमेरिकी कांग्रेस को 2024 में विधानों के लंबित मामलों को निपटाने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा



**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस नए साल 2024 की तूफानी शुरूआत के लिए तैयार है, जब पिछले साल कुछ राजनीतिक झगड़े अगले महीने चरम पर पहुंच जाएंगे और सांसदों के पास उन्हें निपटाने के लिए बहुत कम समय होगा। यह बात विश्लेषकों ने कही।

मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि कांग्रेस 2023 से चले आ रहे मुद्दों पर चर्चा करने और उन्हें हल करने के लिए अपने सत्र को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है, जैसे कि सरकार को साल भर खुला रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण विनियोग विधेयक और जनवरी में इसके हंगामेदार होने की संभावना है।

रिपोर्ट में कहा गया है, एफआईएसएस और विभिन्न एजेंसियों के लिए फंडिंग जैसे कई महत्वपूर्ण विधेयकों के कारण डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन के बीच खर्चों में कटौती और कई ध्रुवीकृत राजनीतिक लड़ाइयों को लेकर तनाव देखने को मिलेगा, जिन्हें किसी समाधान तक पहुंचने के लिए बहुत कम समय के साथ नए साल के लिए टाल दिया गया है या विलंबित कर दिया गया है।

यूएस न्यूज एंड वर्ल्ड रिपोर्ट में कहा गया है कि कांग्रेसियों और सीनेटरों पर जो बात दबाव बढ़ा रही है, वह यह है कि वे राष्ट्रपति पद के प्राथमिक सत्र की शुरूआत की ओर बढ़ रहे हैं, क्योंकि एक बेहद विभाजित विधायिका आम जमीन तलाशने की कोशिश कर रही है - या सरकारी शटडाउन का सामना करना पड़ेगा।

रिपोर्ट में स्पीकर माइक का हवाला देते हुए कहा गया है कि अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदन, हाउस और सीनेट को सरकार को फंड देने के लिए दो संभावित समयसीमाओं का सामना करना पड़ता है - 19 जनवरी और 2 फरवरी को, जिसे पूरा करने के लिए बहुत कम समय होने की उम्मीद है। फंडिंग के मुद्दे को सुलझाने के लिए जॉनसन ने पिछले साल दो सीढ़ी वाला दृष्टिकोण अपनाया था।

शीर्ष-पंक्ति संख्याओं पर असहनीय मतभेद, राष्ट्रीय सुरक्षा पूरक पैकेज पर गतिरोध, जो विशेष रूप से यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता प्रदान करेगा, कांग्रेस के लिए समय लेने वाली कार्यों की लंबी सूची में शामिल हो रहा है।

सरकारी खर्च को मंजूरी देने का कोई भी सौदा अब नए साल में बढ़ाए गए सीमा सुरक्षा उपायों पर लड़ाई से जुड़ा हुआ है।

# ब्रिटेन में गेरिट तूफान से तबाही, स्कॉटलैंड और इंग्लैंड भी प्रभावित



**लंदन।** ब्रिटेन में गेरिट तूफान से भारी तबाही हुई है। इस तूफान से स्कॉटलैंड और उत्तरी इंग्लैंड के कुछ हिस्सों में गुरुवार को घरों को नुकसान हुआ है। ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, हजारों लोगों के घरों की बिजली गुल हो गई।

तूफान की तेज हवाओं के कारण अमेरिकन एयरलाइंस को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। इससे संबंधित वीडियो एक्स पर वायरल हो रहा है। रनवे पर उतरने के दौरान विमान झटका खाते हुए देखा जा सकता है। वहीं, स्कॉटलैंड के तटीय इलाकों में बिजली बहाली का प्रयास कर रहे कर्मचारियों को 80 मील प्रति घंटे की तेज हवा का सामना करना पड़ा। 31,000 से अधिक घरों में बिजली बहाल कर दी गई, लेकिन लगभग 14,000 घरों में रहने वालों को गुरुवार सुबह बिना बिजली के ही रहना पड़ा। तूफान गेरिट ने पूरे स्कॉटलैंड में ट्रेन सेवा में व्यापक व्यवधान पैदा किया है। बर्फबारी से स्कॉटलैंड में कुछ सड़कें भी अवरुद्ध हो गईं।

वहीं, उत्तरी और मध्य यूरोप के कुछ हिस्सों में गुरुवार को भारी बारिश के बाद नदियां उफान पर आ गईं। एल्बे नदी के दबाव को कम करने के लिए जर्मनी के मैगडेबर्ग के पास एक दशक में पहली बार एक गेट खोला गया। इस हफ्ते की बाढ़ के कारण उत्तरी और मध्य जर्मनी के कुछ हिस्सों में सैकड़ों लोगों को पलायन करना पड़ा।